

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, सोमवार, 31 मार्च 2025

संवत 2082, चैत्र शुक्लपक्ष 2 - मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 205 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028



4 ▸▸ भारत के सशक्त स्वास्थ्य मोर्चे का दुनिया ने लोहा माना

फिल्म 'हीरामंडी' के बाद अदिति राव हैदरी को नहीं मिल रहा काम ◂◂ 6




# घरेलू विवाद में पति ने की पत्नी व बेटे की हत्या, दोहरे हत्याकांड से दहला इलाका

## तेज धारदार से किया हमला, आरोपी पति गिरफ्तार

संवाददाता

**सरायकेला-खरसावां:** जिले में आज यानी सोमवार सुबह एक शख्स ने अपनी पत्नी और मासूम बच्चे की हत्या कर दी। इस दोहरे हत्याकांड के बाद पूरा इलाका दहल गया। वहीं पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

**धारदार हथियार से हमला कर की हत्या:** मिली जानकारी के अनुसार, घटना जिले के कपाली ओपी स्थित तमोलिया की है। आरोपी पति की पहचान सुकराम मुंडा के रूप में हुई है। मृतकों की पहचान 35 वर्षीय पत्नी पार्वती मुंडा और 5 वर्षीय पुत्र गणेश मुंडा के रूप में हुई है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, पति- पत्नी दोनों को ही शराब की लत थी। जिसस कारण दोनों में किसी न किसी बात को लेकर झगड़ा होता रहता था। वहीं आज यानी सोमवार सुबह भी दोनों में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। जिसके बाद सुकराम मुंडा ने अपनी पत्नी और मासूम बेटे पर तेज धारदार हथियार से हमला किया और दोनों की हत्या कर दी। जिससे मौके पर ही दोनों की जान चली गई।




**आरोपी पति को पुलिस ने किया गिरफ्तार:** इधर, घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पुलिस पहुंची। पुलिस ने महिला और बच्चे के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। फिलहाल पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# आईएफएस निधि तिवारी बनीं पीएम मोदी की निजी सचिव

**नई दिल्ली:** भारत सरकार ने सोमवार को निधि तिवारी, आईएफएस (2014) को तत्काल प्रभाव से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का निजी सचिव नियुक्त किया। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) के आदेश के अनुसार, कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने तिवारी की नियुक्ति को मंजूरी दे दी। आईएफएस अधिकारी वर्तमान में प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) में उप सचिव के रूप में कार्यरत हैं। अधिसूचना में कहा गया है कि वह वेतन मैट्रिक्स के स्तर 12 पर निजी सचिव की भूमिका सह-अवधि के आधार पर या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, संभालेंगी।



**कौन हैं निधि तिवारी:** 2014 बैच की भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) अधिकारी निधि तिवारी 2022 में अवर सचिव के रूप में शामिल होने के बाद 6 जनवरी, 2023 से प्रधान मंत्री कार्यालय (पीएमओ) में उप सचिव के रूप में कार्य कर रही हैं। तिवारी वाराणसी के महमूरगंज से हैं, जो 2014 से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लोकसभा क्षेत्र रहा है। उन्होंने 2013 में सिविल सेवा परीक्षा में 96वीं रैंक हासिल की थी। वढरउ पास करने से पहले, उन्होंने सहायक आयुक्त (वाणिज्यिक) के रूप में काम किया।

पीएमओ में शामिल होने से पहले तिवारी विदेश मंत्रालय (एमईए) में कार्यरत थीं, जहां उन्होंने निरस्त्रीकरण और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा मामलों के प्रभाग में काम किया। अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में उनकी विशेषज्ञता ने बाद में उन्हें पीएमओ में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए देखा, विशेष रूप से 'विदेश और सुरक्षा' कार्यक्षेत्र में, जो सीधे राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल को रिपोर्ट करती थी। उन्होंने विदेश मामलों, परमाणु ऊर्जा और सुरक्षा मामलों जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को संभाला, साथ ही टी से संबंधित जिम्मेदारियों को भी संभाला।

# छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ जारी, एक महिला नक्सली ढेर



**दंतेवाड़ा:** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा और बीजापुर में सोमवार को जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, दंतेवाड़ा और बीजापुर में सुरक्षाबलों के जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ चल रही है। इस मुठभेड़ में एक महिला नक्सली को ढेर कर दिया गया है और उसका शव भी बरामद कर लिया है। जवानों ने महिला नक्सली के शव के साथ इंसास राइफल और भारी मात्रा में गोला बारूद बरामद किया है। मुठभेड़ अभी भी जारी है और जवानों के वापस आने के बाद अंतिम आंकड़े जारी किए जाएंगे।


# बीजेपी जल्द करेगी अपने नये राष्ट्रीय अध्यक्ष की घोषणा

**नई दिल्ली:** बीजेपी ने नये राष्ट्रीय अध्यक्ष का नाम क्या फाइनल कर दिया है? कौन है वो नेता जो बीजेपी का नया राष्ट्रीय अध्यक्ष बनेगा। क्या है वो फैक्टर जिसने बीजेपी के नए चीफ का नाम तय कर दिया। दरअसल, आने वाले समय में बिहार, पश्चिम बंगाल, असम और दक्षिण भारत के तमिलनाडु और केरल में चुनाव होने हैं। मुख्यमंत्री हो या पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष, इनमें से जब भी पीएम मोदी ने किसी को चुना है तो वो चौंकाने वाला रहा है। हाल ही में बीजेपी ने कई राज्यों में बीजेपी की प्रचंड जीत के बाद सीएम के नाम पर मुहर लगी इसकी बानगी हर किसी ने देखी। अब ऐसा ही कुछ बीजेपी के नए चीफ को लेकर भी होने वाला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते दिनों आरएसएस के मुख्यालय पहुंचकर संघ संस्थापक केशव बलिराम हेडगेवार और दूसरे सरसंघचालकर माधव सदाशिव गोलवलकर के स्मृति मंदिर पहुंचकर श्रद्धांजलि दी। पीएम मोदी का बतौर प्रधानमंत्री संघ मुख्यालय का ये पहला दौरा था। इस कार्यक्रम में संघ प्रमुख मोहन भागवत शामिल हुए। बता दें कि इससे पहले नरेंद्र मोदी 16 जुलाई 2013 को आखिरी बार लोकसभा चुनाव 2014 की मीटिंग में शामिल होने के लिए आरएसएस मुख्यालय पहुंचे थे। जिसके बाद करीब 12 साल बाद पीएम मोदी ने आरएसएस मुख्यालय का दौरा किया। इस मुलाकात के बाद अब सभी की नजरे एक बड़े फैसले पर है। वो बड़ा फैसला ये है कि बीजेपी का अगला राष्ट्रीय अध्यक्ष कौन होगा। बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नागपुर दौरे के बाद अब जल्द ही बीजेपी के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाम की घोषणा हो जाएगी।



इसमें कोई दो राय नहीं कि पीएम मोदी और मोहन भागवत द्वारा नाम पर सहमति बनने के बाद ही नए अध्यक्ष की घोषणा की जाएगी। पार्टी के सूत्रों की मानें तो चुनाव की प्रक्रिया नवरात्रि में कभी भी शुरू हो सकती है। पार्टी ने 10 अप्रैल को अपने शासित राज्यों के सभी मुख्यमंत्रियों और सभी राज्यों के अध्यक्षों, चुनाव प्रभारियों को दिल्ली बुलाया है। समझा जा रहा है कि नाम घोषित होने के बाद राज्यों से प्रस्ताव मंगाए जाएंगे। पार्टी संविधान के अनुसार राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के लिए आधे से ज्यादा राज्यों में अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया पूरी होनी चाहिए। पार्टी सूत्र बताते हैं कि आधे से ज्यादा में चुनावी प्रक्रिया अब पूरी हो चुकी है। लेकिन कुछ उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और उत्तराखंड जैसे महत्वपूर्ण राज्यों में पेंच फंसा हुआ है। इन तीनों ही राज्यों में जातीय समीकरण साधना बड़ी चुनौती बना हुआ है। पार्टी में एक मत तीनों प्रदेशों में ब्राह्मण चेहरा देने की है। लेकिन उत्तर प्रदेश में पिछड़े को मौका देने की बात चल रही है। मध्य प्रदेश दो दशक से चल रहा ब्राह्मण-ओबीसी के तालमेल को तोड़ने की बात हो रही है। वहां पर प्रदेश अध्यक्ष ब्रह्मण रहा तो मुख्यमंत्री ओबीसी। अब पार्टी प्रदेश अध्यक्ष का पद आदिवासी चेहरे को देने की सोच रहा है। कभी कोई आदिवासी प्रदेश अध्यक्ष नहीं रहा।

वहीं बात राष्ट्रीय अध्यक्ष की करें तो ये तय मानिए कि मोहन भागवत और पीएम मोदी की मीटिंग में नए अध्यक्ष के नाम पर मुहर लगेगी। भूपेंद्र यादव के नाम की चर्चा काफी तेज चल रही है। एक चर्चा ये भी है कि अगर राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर भूपेंद्र यादव के नाम पर मुहर लगती है तो फिर समीकरण बदल जाएंगे। यूपी में फिर किसी ब्राह्मण को मौका मिल जाएगा। अध्यक्ष पद के लिए धर्मेंद्र प्रधान, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, मनोहर लाल खट्टर, पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, पूर्व सीएम वसुंधरा राजे, जी किशन रेड्डी जैसे नाम चर्चा में बने हुए हैं। मौजूदा अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल पिछले साल समाप्त हो गया था। लेकिन आम चुनाव और राज्यों के चुनाव के चलते उनका कार्यकाल एक साल बढ़ाया गया है। ऐसे संकेत हैं कि बेंगलुरु में 18 अप्रैल को होने वाली राष्ट्रीय परिषद की बैठक से पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव पूरा करा लिया जाएगा।




# ईद, सरहुल और राम नवमी को लेकर बढ़ाई गई सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी और ड्रोन कैमरों से की जाएगी निगरानी

**संवाददाता**

**रांची:** ईद, सरहुल और राम नवमी के मद्देनजर राज्य में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। एक अधिकारी ने उक्त जानकारी दी। संवेदनशील जगहों की ड्रोन से निगरानीः अधिकारी ने बताया कि महत्वपूर्ण स्थानों पर भीड़ पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं और वीडियो कैमरे से लैस सुरक्षाकर्मी तैनात किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि ड्रोन के जरिये हवा से भी भीड़ की निगरानी की जाएगी। भारत में ईद सोमवार को मनाई जा रही है, जबकि आदिवासी पर्व सरहुल एक अप्रैल को और राम नवमी छह अप्रैल को मनाई जाएगी। कई जिलों में शनिवार को सुरक्षा का पूर्वाभ्यास किया गया, ताकि किसी भी स्थिति से निपटने की पुलिस बल की तैयारियों का



आकलन किया जा सके।पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अनुराग गुप्ता ने 26 मार्च को सुरक्षा तैयारियों का जायजा लिया था और पुलिस अधीक्षकों (एसपी) को विशेष शाखा द्वारा तैयार 25 सूत्री कार्य योजना का पालन करने का निर्देश दिया था। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि रांची, जमशेदपुर, हजारीबाग और गिरिडीह जैसे संवेदनशील जिलों के लिए विशेष सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है।

**पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनातीः** रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने कहा, पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किए जाएंगे। आवश्यकतानुसार सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं और ड्रोन कैमरों का भी इस्तेमाल किया जाएगा, ताकि असामाजिक तत्वों पर नजर रखी जा सके तथा किसी अप्रिय घटना को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि यातायात बाधित नहीं होने दिया जाएगा और जरूरत के हिसाब से मार्ग परिवर्तित किए जाएंगे। भजंत्री के अनुसार, सरहुल और राम नवमी जुलूस के दौरान चिकित्सा टीमें तैनात की जाएंगी। उन्होंने बताया, जुलूस के दौरान स्वास्थ्य विभाग चिकित्सा दलों के साथ एम्बुलेंस की भी तैनाती करेगा। इसके अलावा, प्रमुख स्थानों पर भी स्वास्थ्य कर्मी तैनात किए जाएंगे।



## रेलवे सामुदायिक भवन में सरहुल पूर्व संध्या पर भव्य आयोजन

**मुरीः** संस्कृति संघ दक्षिण पूर्व रेलवे सह आदिवासी रेलवे परिवार, रांची मंडल के तत्वावधान में सरहुल पूर्व संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में झारखंड की आदिवासी संस्कृति, परंपरा और मूल्यों का भव्य प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दक्षिण पूर्व रेलवे रांची मंडल के एडीआरएम हेमराज मीणा ने अपने संबोधन में आदिवासी संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सरहुल केवल एक पर्व नहीं, बल्कि प्रकृति और मानव के बीच सहअस्तित्व का प्रतीक है। रेलवे परिवार में सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक बताया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन विशिष्ट अतिथि जोनल प्रेसिडेंट व जोनल सचिव एआईएससीएसटीआर ईए के कर कमलों से किया गया। जोनल अध्यक्ष हंसराज, एससी बसाक, डिविजनल अधिकारियों में मंडल अध्यक्ष सूचित राम, मंडल सचिव बिनोद उरांव, कृष्ण राम, रमेश राम महली, की गरिमामई उपस्थिति रही। सभी अधिकारियों ने सामूहिक रूप से सरहुल के महत्व और आदिवासी समाज की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला । बालिका छात्रावास करमटोली से भागीरथी, सरस्वती, दीपशिखा, आकांक्षा व कार्तिक उरांव बालक छात्रावास, वीर बुधु भगत छात्रावास हरमू रांची व अन्य स्थानों से बसों में आकर सैकड़ों स्कूली बच्चों ने अपने सामूहिक नृत्य टिम के साथ प्रोग्राम में चार चांद लगा दिया। विजय व टिम ट्रेन मैनेजर हटिया के द्वारा सरना मां के लीला को नाटकीय ढंग से जीवंत किया कार्यक्रम का संचालन संयुक्त रूप से रमेश महली,राजू कोया,निरंजन बाघवार के द्वारा किया गया।आभार सह धन्यवाद ज्ञापन मंडल सचिव बिनोद उरांव द्वारा किया गया। मुरी शाखा से आए मेहमानों में निरंजन बाघवार,राजू कोया,अजीत मिंज, बास्तु उरांव, प्रभु उरांव, अरुण कुमार भगत, के साथआयोजनकर्ता में संजय लिंडा, लालदेव उरांव,डीएस मुंडा,हेमलाल लकड़ा,आरके। उरांव,राणा मुंडा,रवि कुमार तिर्की,विलियम,निरंजन बघवार, राजू ,विजय भगत,शक्लू उरांव,चुलवा उरांव,सोमनाथ उरांव, हरीश लोहरा,इत्यादि अन्य कर्मठ कार्यकर्ताओं के बहुमूल्य सहयोग से यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।



## ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

**मुरीः** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत केशरडीह गांव में विधायक अमित कुमार की पहल से 25केवी के ट्रांसफार्मर विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर झामुमो सिल्ली प्रखंड अध्यक्ष -बलराम महतो उर्फ राधिका, रांची जिला पूर्व युवा मोर्चा उपाध्यक्ष -फल्हारी महतो, सिल्ली प्रखंड संगठन सचिव -दिनेश प्रसाद साहु,संयुक्त सचिव- अजित कुमार महतो, भगीरथ महतो, गोपाल महतो,शंभु महतो, कैलाश महतो एवं गांव के महिला -पुरुष व अन्य उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिले झारखंड कांग्रेस प्रभारी के राजू, कई मुद्दों पर हुई चर्चा



**रांचीः** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड कांग्रेस प्रभारी के राजू ने औपचारिक मुलाकात की।

इस मौके पर राज्य में चल रही विभिन्न विकास योजनाओं, जनहित से जुड़े मुद्दों एवं वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य के मद्देनजर प्रासंगिक विषयों पर विचार विमर्श हुआ। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव मौजूद थे।

## हर्षोल्लास के बनायी जा रही है ईद



**मुरीः** सिल्ली- मुरी में आज हर्षोल्लास के साथ ईद मनायी जा रही है। ईद के मौके पर मुस्लिम समुदाय के लोगों एक दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। कल ईद का चांद देखने के बाद आज ईद मनाई गई। सुबह से ही लोगों ने नये वस्त्र धारण कर मस्जिदों में नमाज अदा किया और खुशी मनायी। हिन्दू मुस्लिम भाईयों ने एक- दूसरे को ईद की मुबारकबाद देते हुए भाईचारे का मिसाल बनाए रखा। मौलाना नासिर अली फैजी, जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक कमिटी के महासचिव रमजान अंसारी सैयद,मंसुर, शमीम , इमरान आदि ने ईद को लेकर सभी को शुभकामनाएं दी।

## इलेक्ट्रिकल गोदाम में भीषण आग, लाखों का नुकसान

**बोकारो :** चास की लक्ष्मी नारायण हार्डवयर गली स्थित न्यू अग्रवाल इलेक्ट्रिकल गोदाम में शनिवार को भीषण आग लग गई। अगलगी की इस घटना में गोदाम में रखे लाखों रुपए के इलेक्ट्रिकल सामान जल कर राख हो गए। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना अग्निशमन विभाग को दी। दो दमकल गाड़ियों के साथ फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची और घंटों की मशक्त के बाद आग पर काबू पाया। इस दौरान इलेक्ट्रिकल वेयर हाउस के ऊपरी तल्ले पर कई लोग फंसे हुए थे। उन्हें रेस्क्यू कर सुरक्षित निकला गया। कचरा जलाने के दौरान आग लगने की बात सामने आई है। गोदाम के मालिक सुमित अग्रवाल ने बताया कि आगलगी की घटना में उन्हें 75 लाख रुपये से अधिक की क्षति हुई है।

## समाप्त हो रहे वित्तीय वर्ष में 84% खर्च 21,008 करोड़ सरेंडर होने की संभावना

**रांची :** चालू वित्तीय वर्ष (2024-25) का अब कुछ ही घंटे बचा हुआ है। इस वित्तीय साल में सरकार ने अपने घटे हुए बजट आकार का 84 प्रतिशत खर्च किया। वित्त विभाग के सूत्रो के अनुसार 21,008 करोड़ रुपये सरेंडर होने का अनुमान है। चालू वित्तीय वर्ष के दौरान सरकार ने ट्रेजरी से बिल की निकासी की अंतिम तिथि 29 मार्च निर्धारित की थी। 29 मार्च की इस निर्धारित तिथि तक सरकार ने अपने घटे हुए बजट आकार के मुकाबले 1।056 लाख करोड़ रुपये करने में कामयाबी हासिल की। यह रकम बजट आकार का 84 प्रतिशत है। 29 मार्च तक सरकार के अनुमान के मुकाबले 4,000 करोड़ के राजस्व की कमी थी। इसलिए खर्च की गणना 1.26 लाख रुपये के बजट के आधार पर की गयी। हालांकि सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट पेश करते वक्त 2024-25 का संशोधित बजट आकार 1.28 लाख करोड़ रुपये से बढ़ा कर 1.30 लाख करोड़ रुपये कर दिया था। विभागीय सूत्रो के अनुसार सरकार ने 29 तक खर्च की गयी राशि में से सिर्फ मार्च महीने में 22 हजार 988 करोड़ रुपये का खर्च दिखाया है। यानी सरकार ने मार्च महीने में कुल बजट का 18.4% राशि खर्च की।

### स्वास्थ्य मंत्री ने की बड़ी घोषणा

## आधुनिक तकनीक से जुड़ेंगे सरकारी अस्पताल, विशेषज्ञ डॉक्टरों की होगी नियुक्ति

**संवाददाता**

**रांची/धनबादः** स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने धनबाद में अंकुरम आईवीएफ - आईवीएफ एवं फर्टिलिटी सेंटर का विधिवत उद्घाटन किया। मंत्री ने रविवार को फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर अस्पताल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य व्यक्ति, चिकित्सा क्षेत्र के विशेषज्ञ, मरीज और उनके परिजन उपस्थित रहे।

संतान सुख से बड़ा कोई सुख नहीं होता : इस अवसर पर अपने संबोधन में मंत्री डॉ अंसारी ने कहा कि संतान सुख से बड़ा कोई सुख नहीं होता। उन्होंने कहा, 'जो मां या बहन संतान सुख से वंचित रह जाती हैं, उन्हें न केवल परिवार में बल्कि समाज में भी कई तरह की परेशानियों और तानों का सामना करना पड़ता है। यह



दुर्भाग्यपूर्ण है, लेकिन आधुनिक टेक्नोलॉजी ने इस स्थिति को बदल दिया है। अब आईवीएफ (इन विट्रो फर्टिलाइजेशन) जैसी तकनीक के माध्यम से बांझपन का सफल उपचार संभव हो गया है, जिससे मातृत्व का सुख पाने की राह आसान हुई है।

300 नई एंबुलेंस और 300 बाइक एम्बुलेंस की व्यवस्था की जाएगीः मंत्री ने राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि दूरदराज के गांवों तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए राज्य सरकार 300 नई एंबुलेंस और 300 बाइक एम्बुलेंस की व्यवस्था कर रही है, जिससे आपात स्थिति में लोगों को त्वरित चिकित्सा सेवा मिल सकेगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि झारखंड में इलाज के अभाव में अब किसी की जान नहीं जाएगी।

**पीपीपी मॉडल के तहत खुलेंगे राज्य में नए मेडिकल अस्पताल :** मंत्री डॉ अंसारी ने कहा कि झारखंड में स्वास्थ्य सुविधाओं को विश्वस्तरीय बनाने के लिए कई क्रांतिकारी कदम उठाए जा रहे हैं। राज्य में पीपीपी मॉडल के तहत नए अस्पताल खोले जाएंगे, ताकि सरकारी अस्पतालों पर बोझ कम हो और मरीजों को उच्चस्तरीय चिकित्सा सेवाएं मिल सकें। उन्होंने यह भी घोषणा की कि सरकारी अस्पतालों में आधुनिक तकनीक वाली मशीनें लगाई जाएंगी और उन्हें संचालित करने के लिए विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति की जाएगी। मंत्री ने कहा, 'मैं स्वयं एक डॉक्टर हूं और राज्यवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं दिलाने के लिए प्रतिबद्ध हूं। हर निर्णय झारखंड के हित में लिया जा रहा है और इसके लिए मुझे जनता का समर्थन चाहिए।

## खेलो इंडिया सब जूनियर- जूनियर वीमेन वुशु चैंपियनशिप 2 अप्रैल गांधीनगर गुजरात में

## झारखंड की 13 सदस्यीय टीम होगी रवाना

**संवाददाता**

**रांची :** खेलो इंडिया सब जूनियर और जूनियर वीमेन वुशु चैंपियनशिप का आयोजन 2 से 7 अप्रैल 2025 को गांधीनगर गुजरात के रक्षा शक्ति यूनिवर्सिटी मे किया जाएगा।

इस प्रतियोगिता मे झारखण्ड का 13 सदस्यीय दल भाग लेगा।

इन सभी महिला खिलाड़ियों का चयन पिछले दिनों आयोजित जोनल महिला वुशु लीग के आधार पर किया गया था।

रक्षा शक्ति यूनिवर्सिटी मे आयोजित इस प्रतियोगिता मे विजयी खिलाड़ियों के बीच 27.50 लाख की इनामी राशि दी जाएगी।

ये खिलाड़ी होंगे शामिलः प्राची कुमारी,वाणी कुमारी ,विद्या चौहान ,शिल्पी कुमारी,नेहा कुमारी,लक्ष्मी कुमारी,अनीता कुमारी, मनीषा कुमारी,निशा कुमारी,निशी उरांव,लक्ष्मी टोप्पो,दिव्या सोय **रोशनी कुमारी**

झारखण्ड वुशु एसोसिएशन के प्रेसिडेंट डॉ प्रदीप वर्मा (राज्य सभा सांसद )सहित डॉ कविता सिंह, मिथलेश साहू, डॉ अंशु साहू।चंचल भट्टाचार्य, कुमुद प्रसाद साहू,उदय साहू,प्रियदर्शी अमर,शैलेन्द्र कुमार, डॉ उदीप लाल,मनोज कुमार महतो, मनोज साहू, शशिकांत पांडे, रजि अहमद, गोकुलनंद मिश्रा, वाहिद अली, आजाद पाठक, शैलेन्द्र दुबे, रत्नेश कुमार, दीपक गोप, आशीष गोप, अमासी बारला, संजय मंडल, कार्तिक राम, दिनेश यादव, अमरेंद्र दत्त द्विवेदी, प्रतिमा कुमारी, बिमला टोप्पो, सुशांति तोपनो, काजल किरण, मृतुन्जय कुमार राय, शिवेंद्र दुबे व अन्य खिलाड़ियों की सफलता के लिए अपनी शुभकामनाएं दी है।

### अवैध पत्थर खनन मामले में छापेमारी करने गई पुलिस टीम पर ग्रामीणों ने किया हमला

# थानेदार घायल, वाहन क्षतिग्रस्त, 55 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

### थाना प्रभारी ने भागकर बचाई जान

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**कोडरमाः** जिले के सुदूरवर्ती पंचायत ढाब थाना क्षेत्र अंतर्गत गोरियाडीह में शनिवार देर रात अवैध ग्रीन पत्थर की छापेमारी करने गई ढाब पुलिस टीम पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। सूत्र बताते है कि वहीं पुलिस टीम के साथ मारपीट भी की गई। इस दौरान ग्रामीणों ने थाना प्रभारी की पेट्रोलिंग वाहन पर पत्थरबाजी कर वाहन को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। थाना प्रभारी की ग्रामीणों ने जमकर पिटाई कर दी। उन्हें भागकर अपनी जान बचानी पड़ी। घटना शनिवार रात 11 बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार शनिवार की रात 11 बजे अवैध ग्रीन पत्थर की छापेमारी करने के लिए थाना प्रभारी रवि प्रकाश अपने साथ दो जवान के साथ गोरियाडीह गांव पहुंचे थे। यहां पुलिस टीम को ग्रामीणों ने घेर लिया। पहले तो दोनों ओर से नोकझोंक हुई। इसके बाद ग्रामीण उग्र हो गए और थाना प्रभारी के साथ मारपीट करने लगे। थाना की जिप्सी पर ग्रामीणों ने पत्थरबाजी कर पूरे शीशे और वाहन को





क्षतिग्रस्त कर दिया। वाहन की बैटरी और अन्य पार्ट्स को ग्रामीणों ने पास मौजूद कुएं में फेंक दिया। वहीं थाना प्रभारी ने नदी की तरफ भाग कर अपनी जान बचाकर घटना की सूचना वरीय अधिकारी को दी। वरीय पदाधिकारियों को घटना की सूचना पर घटनास्थल पर डोमचांच, नवलशाही, सतगावां, मरकच्चो की पुलिस टीम पहुंची। इसके पहले ही ग्रामीण मौके पर से फरार हो चुके थे। इसके बाद क्षतिग्रस्त वाहन को जेसीबी के माध्यम से रात को ही पुलिस ने उठा कर ढाब थाना लाया। लेकिन क्षतिग्रस्त वाहन को पुलिस को पुलिस छुपा कर रखी है। मीडिया को भी क्षतिग्रस्त वाहन की जानकारी देने से थाना प्रभारी बचते नजर आए। मामले को लेकर थाना प्रभारी रवि प्रकाश ने कुछ भी बताने से इंकार कर दिया। क्षतिग्रस्त वाहन के बारे में पूछे जाने पर भी कुछ भी नहीं बताया। वहीं मामले में पुलिस की ओर से लगभग 55 लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। ग्रामीणों ने पुलिस जवान व चालक को छोड़ केवल थाना प्रभारी को निशाना बनाया। जानकार बताते हैं कि अगर थाना प्रभारी वहां से नहीं भागते तो बड़ी घटना हो सकती थी। जंगल में दिन- रात हो रहे अवैध खनन को छोड़ पुलिस देर रात गांव में छापेमारी करने पहुंची थी। गोरियाडीह जंगल में ग्रीन पत्थर का अवैध खनन पिछले कई माह से माफिया करा रहे हैं, लेकिन इस बीच ग्रामीणों ने खनन माफियाओं को भगाकर खुद खनन कार्य में जुट गए हैं। पिछले दिनों पूर्व पुलिस ने एक स्थानीय वृद्ध की पिटाई भी की थी। इसे लेकर ग्रामीणों में आक्रोश था। वहीं ग्रामीणों ने पुलिस पर खनन माफियाओं को सरंक्षण देने की भी बात कही है। खनन माफिया कीमती पत्थरों का खनन कर भेजते हैं दूसरे प्रदेशों में खनन माफिया कीमती पत्थरों का खनन कर भेजते हैं दूसरे प्रदेशों में गोरियाडीह जंगल में ग्रीन पत्थर का अवैध उत्खनन काफी दिनों से जारी है। खनन माफिया यहां से कीमती पत्थरों का अवैध खनन करा रहे हैं। यहां के ग्रीन पत्थर महंगे दाम पर बिकते हैं। जानकार बताते हैं की उच्च क्वालिटी के 50 किलो का एक बोरा पत्थर 20 हजार में बिकते हैं। इस बेशकीमती पत्थर को दूसरे प्रदेशों खासकर गुजरात व राजस्थान आदि जगहों पर भेज कर लाखों रुपए की कमाई कर रहे हैं। जंगली क्षेत्र में इस बेशकीमती ग्रीन पत्थरों का खनन कर माफियाओं ने खदान बना दिया है। जंगल क्षेत्र में वन माफियाओं द्वारा जिस तरह से खनन कर जंगल को समाप्त किया जा रहा है, उसमें वन विभाग और पुलिस प्रशासन की कार्यशैली सवालों के घेरे में है।




ईदगाह मैदान हरमू में नमाज अदा करते नमाजी ।

सरहुल पूजा आज से

# पहले दिन उपवास पर रहेंगे सरना समुदाय के लोग, पकड़े जायेंगे मछली और केकड़ा

**संवाददाता**



**रांचीः** आदिवासियों के महापर्व सरहुल की शुरूआत आज से हो रही है। हातमा के जगलाल पाहन ने बताया है कि पहले दिन सरना समुदाय के लोग उपवास पर रहेंगे। इसी दिन मछली और केकड़ा भी पकड़ा जायेगा। युवा तालाब, पोखर, चुआं या आसपास के जलस्त्रोतों के पास जाकर मछली और केकड़ा पकड़ेंगे। घर के मुखिया शाम को पुरखों का स्मरण करेंगे और उन्हें पकवान और तपावन आदि अर्पित करेंगे। शाम में जल रखाई पूजा होगी। इसके लिए पाहन दो नये घड़ों में तालाब या नदी से पानी लाकर साफ-सुथरा किये गये सरना स्थल पर रखेंगे।

**मुर्गे के बलि की परंपराः** इसी पूजा के दौरान 5 मुर्गे-मर्गियों की बलि दी जायेगी। इनमें सफेद मुर्गे की बलि सृष्टिकर्ता के नाम पर दी जायेगी। लाल मुर्गे की बलि हातू बोंगा (ग्राम देवता) के नाम पर, जल देवता (इकिर बोंगा) के नाम पर माला मुर्गी, पूर्वजों के नाम पर लुपुंग या रंगली मुर्गी और बुरी आत्माओं को शांत कराने के लिए काली मुर्गी की बलि दी जायेगी।

**मछली और केकड़ा पकड़ने की परंपराः** आदिवासी समाज का मानना है कि मछली और केकड़ा ही पृथ्वी के पूर्वज हैं। समुद्र के नीचे पड़ी मिट्टी को ऊपर लाकर ही पृथ्वी बनी। इसका पहला प्रयास मछली और केकड़े ने ही किया था। सरहुल का पहला दिन इन्हीं को समर्पित होता है। पकड़े गये केकड़े को रसोई घर में ऊपर टांग दिया जाता है। कुछ महीने बाद इनके चूर्ण को खेतों में इस मनोकामना के साथ छींट दिया जाता है कि जैसे केकड़े की कई भुजाएं होती हैं, उसी तरह खेतों में फसलों की भरपूर बालियां हों।

## बजरंग वर्मा बने श्री महावीर मंडल लालपुर के अध्यक्ष

**रांचीः** श्री महावीर मंडल लालपुर के सदस्यों की एक बैठक होटल सिटी पैलेस लालपुर में हुई। बैठक का संचालन मुख्य संरक्षक बसंत दास ने किया। जिसमें सर्व समिति से बजरंग वर्मा को लालपुर मंडल का अध्यक्ष चुना गया जबकि मुख्य संरक्षक के रूप में सुप्रियो भट्टाचार्य, अभय कुमार सिंह, बसंत दास ,अजय राय ,सूर्यभान सिंह ,दिनेश साहू, अजय गुप्ता, रमेश सिंह, सुनील साहू, प्रशांत राजा ,राजीव रंजन , प्रसाद हरविंदर सिंह बेदी, विजय राजगढ़िया, डॉ विजय राज, उमेश रंजन साहू, शंकर दुबे ,आदित्य विक्रम जायसवाल, राम शर्मा, महामंत्री दिनेश , जयंतकर मुन्ना गुप्ता, संजय वर्मा ,मनोज गुप्ता, रणधीर सिंह, राजेश कुमार ,वरीय उपाध्यक्ष अजीत दास बाबू ,घनश्याम सिंह, सोनू वर्मा, कुणाल राय, पप्पू वर्मा, नवीन साहू ,आफताब हसन, महामंत्री सुमित सिंह, सूर्य प्रभात, शशि वर्मा, अमरेंद्र द्विवेदी, विजय चौधरी ,राजेश सिंह, मंत्री विकास वर्मा ,शुक्र लोहार ,सागर वर्मा, दीपक वर्मा , शिवकुमार शर्मा, विनोद ,सुमित दास, राजीव शर्मा : प्रचार मंत्री विनय कुमार, बिनु शेखर तिवारीः कोषाध्यक्ष अनिल प्रसाद और अंकेक्षक सुधीर कुमार सहित 31 कार्यकारिणी सदस्यों का चयन किया गया।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष बजरंग वर्मा ने कहा कि 6 अप्रैल को श्री महावीर मंडल लालपुर की विशाल शोभायात्रा श्री महावीर मंडल पूर्वी क्षेत्र के साथ मिलकर निकलेगी जिसमें 101 झंडा महिलाओं की टोली विशेष रूप से शामिल होगी एवं 7 मार्च को चैती दुर्गा पूजा विसर्जन जुलूस का लालपुर चौक में भव्य स्वागत किया जाएगा । बैठक के बाद 2 मिनट का मौन रखकर श्री महावीर मंडल लालपुर के संरक्षक स्वर्गीय अनिल टाइगर एवं विजय वर्मा को श्रद्धांजलि दी गयी।

## आदिवासियों ने पवित्र स्थल के नजदीक फ्लाईओवर के निर्माण के खिलाफ किया प्रदर्शन, रैंप हटाने की मांग



**रांचीः** राजधानी रांची में रविवार को बड़ी संख्या में आदिवासियों ने पवित्र सरना स्थल' के नजदीक फ्लाईओवर के निर्माण के खिलाफ प्रदर्शन किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि सीराम टोली क्षेत्र में बनाए जा रहे फ्लाईओवर के एक रैंप' को हटाया जाए, क्योंकि इससे धार्मिक स्थल तक पहुंच बाधित होती है और यातायात की आवाजाही से सरना स्थल की पवित्रता को नुकसान पहुंच सकता है। अधिकारियों के मुताबिक, पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए अवरोधक लगाए थे, लेकिन विभिन्न स्थानों से आए प्रदर्शनकारी अवरोधक को तोड़कर निर्माण स्थल पर एकत्र हो गए। उन्होंने बताया कि किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए धार्मिक स्थल के पास भारी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी।

अधिकारियों के अनुसार, प्रदर्शनकारियों ने फ्लाईओवर के रैंप' पर बैठकर नारे लगाए और राज्य सरकार से इसे हटाने की मांग की। रांची प्रशासन के एक अधिकारी ने बताया कि आदिवासी संगठनों की मांग को देखते हुए रैंप' का विस्तार पहले ही 30 फुट कम कर दिया गया है, जिससे सरना स्थल तक जाने का रास्ता साफ है। हालांकि, आदिवासी जन परिषद के अध्यक्ष प्रेम साही मुंडा ने कहा कि एक गेट से रैंप' हटा दिया गया है, लेकिन यह अब भी पवित्र स्थल के दूसरे गेट को अवरुद्ध कर रहा है। उन्होंने कहा, हम दोनों द्वार से रैंप' हटाने की मांग करते हैं, ताकि सरहुल त्योहार के दौरान राज्य भर से बड़ी संख्या में यहां एकत्र होने वाले लोगों को (सरना स्थल तक पहुंचने में) किसी समस्या का सामना न करना पड़े।' एक अधिकारी ने बताया कि 340 करोड़ रुपये की इस परियोजना की शुरूआत अगस्त 2022 में हुई थी।

## गैंगस्टर अनुज कनौजिया की हत्या की हो सीबीआई जांचः सरयू राय

**रांचीः** झारखंड के जनता दल (यूनाइटेड) विधायक सरयू राय ने रविवार को गैंगस्टर और शूटर अनुज कनौजिया की मुठभेड़ में हुई हत्या की सीबीआई या एसआईटी से जांच कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि जांच से यह पता लगाया जा सकता है कि वह किसके लिए काम करता था। उत्तर प्रदेश स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) और झारखंड पुलिस ने शनिवार को संयुक्त अभियान चलाकर गैंगस्टर अनुज को जमशेदपुर में मुठभेड़ में मार गिराया था। उस पर 2.5 लाख रुपये का इनाम था।

गैंगस्टर को किसने महीनों तक दी शरण : पूर्व कैबिनेट मंत्री और खऊब्र विधायक ने कहा कि पुलिस को उन ताकतों का पता लगाना चाहिए, जिन्होंने कनौजिया को महीनों तक स्टील सिटी में छिपाकर रखा। इसके लिए पुलिस को एसआईटी गठित करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि केंद्रीय एजेंसी को ऐसे पहलुओं की भी जांच करनी चाहिए, जिसमें विशेष शाखा और स्थानीय पुलिस यह पता नहीं लगा सकी कि कनौजिया शहर में छिपा है। उन्होंने कहा कि जमशेदपुर में गैंगस्टर महीनों तक छिपा रहा, जिससे संकेत मिलता है कि उसे आपराधिक गिरोहों से समर्थन मिल रहा था। राय ने आशंका जताई कि कनौजिया बिना किसी मकसद के यहां नहीं आया होगा। उन्होंने कहा कि यह पता लगाना होगा कि उसे किसने और क्यों शरण दी थी।

लखनऊ में एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि मुख्तार अंसारी गिरोह के प्रमुख शार्पशूटर कनौजिया को पुलिस और गैंगस्टर के बीच भारी गोलीबारी के बाद मार गिराया गया।

# राजधानी में कोर्टयार्ड बाय मैरियट का उद्घाटन

**संवाददाता**

**रांचीः** मैरियट बोनवॉय के तीस से अधिक असाधारण होटल ब्रांडों के पोर्टफोलियो का हिस्सा, कोर्टयार्ड बाय मैरियट ने आज कोर्टयार्ड बाय मैरियट रांची के उद्घाटन की घोषणा की। यह झारखंड में पहले मैरियट इंटरनेशनल ब्रांड की शुरूआत है। राज्य के सबसे अधिक मांग वाले क्षेत्रों में स्थित, यह एक सौ ग्यारह कमरों वाला होटल परिष्कृत जीवन और आधुनिक डिजाइन का उदाहरण है। यह बेहतर आराम, यादगार अनुभव और स्थानीय और अंतर्राष्ट्रीय व्यंजनों के रमणीय मिश्रण के साथ व्यापार और अवकाश यात्रियों दोनों के लिए एक स्वागत योग्य स्थान प्रदान करता है। कोर्टयार्ड बाय मैरियट रांची बिरसा मुंडा हवाई अड्डे से केवल पैंतीस मिनट और रांची जंक्शन और हटिया रेलवे स्टेशनों से तीस मिनट की दूरी पर आदर्श रूप से स्थित है।

मैरियट इंटरनेशनल के दक्षिण एशिया के एरिया वाइस प्रेसिडेंट



रंजू एलेक्स ने कहा, हम झारखंड की जीवंत राजधानी रांची में कोर्टयार्ड बाय मैरियट रांची के उद्घाटन के साथ भारत में अपनी विस्तार यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर चिह्नित करने के लिए उत्साहित हैं। यह लॉन्च रांची जैसे आशाजनक बाजारों में प्रवेश करने की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है, जो शहरी ऊर्जा और प्राकृतिक सुंदरता का एक अनूठा मिश्रण प्रदान करता है।

होटल में 9,100 वर्ग फुट का बहुमुखी इवेंट स्पेस है, जो कॉर्पोरेट और सामाजिक अवसरों दोनों के लिए लालित्य और कार्यक्षमता का मिश्रण है। विस्टा हॉल, क्राउन ज्वेल, 4,123 वर्ग फुट में फैला है और तीन सौ मेहमानों को समायोजित करता है, जो इसे भव्य समारोहों, सम्मेलनों और रिसेप्शन के लिए आदर्श स्थान बनाता है। अत्याधुनिक एवी उपकरण और अनुकूलन योग्य लेआउट के साथ, यह निर्बाध सेवा और एक परिष्कृत वातावरण का वादा करता है। अधिक अंतरंग समारोहों के लिए, कार्यकारी कक्ष शीर्ष मंजिल पर एक निजी, चारसो वर्ग फुट का अभयारण्य प्रदान करता है, जिसे चौदह मेहमानों तक के लिए डिजाइन किया गया है, जो उत्पादकता और विवेक दोनों सुनिश्चित करता है। 4,000 वर्ग फुट का स्काईलाइन वेन्यू कांके बांध के लुभावने दृश्यों के साथ एक मनोरम खुली हवा में सेटिंग प्रदान करता है, जो बाहरी भोज, शाम के समारोहों या कॉर्पोरेट कार्यक्रमों के लिए एकदम सही है। अनुरूप खानपान और सजावट के साथ, यह किसी भी अवसर को वास्तव में अविस्मरणीय अनुभव में बदलने का वादा करता है।

इस रोमांचक लॉन्च पर, कोर्टयार्ड बाय मैरियट रांची के होटल मैनेजर, प्रमोद सिंह ने कहा, हम झारखंड में पहला कोर्टयार्ड बाय मैरियट होटल पेश करने के लिए उत्साहित हैं, जो इस जीवंत राज्य के दिल में हमारी सिग्नेचर गर्मजोशी और आतिथ्य ला रहा है। कोर्टयार्ड बाय मैरियट रांची में, हमारे पथ-प्रदर्शक मेहमानों का वास्तविक देखभाल, विचारशील आराम के साथ स्वागत किया जाता है और एक सहजता से आमंत्रित वातावरण प्रदान किया जाता है। चाहे आप क्षेत्र की समृद्ध विरासत की खोज कर रहे हों या बस आराम करने के लिए जगह की तलाश कर रहे हों, हम आपके प्रवास को वास्तव में यादगार बनाने के लिए तत्पर हैं।



## प्रतिमा लगाने को लेकर किया गया भूमिपूजन

**रांचीः** गौरया एवं राह बाबा धर्मार्थ न्यास कमिटी द्वारा धुर्वा सखुआ बगान मंदिर प्रांगण में माता शीतला और बाबा शेरोमणि चौहरमल की प्रतिमा लगाने हेतु आज शिलान्यास किया गया। पूजा कमिटि के वरिष्ट आरएन प्रसाद और पूजा कमिटि के सचिव इन्द्र देव पासवान द्वारा किया गया। इस अवसर पर पूजा कमिटि की नीतू देवी, प्रदीप पासवान, लालबाबू पासवान, राजेश कुमार, हरि नारायण, पासवान, लक्ष्मण पासवान, विनोद पाषवान दिनेश पासवान, मोहन पासवान, उमेश पासवान, बबन पासवान व अन्य उपस्थित थे।

## राज्य में 2- 3 अप्रैल को बारिश की संभावना

**रांचीः** राज्य में इस समय चिलचिलाती गर्मी से लोग परेशान हैं, लेकिन राहत की खबर है। मौसम विभाग ने 2 और 3 अप्रैल को राज्य के कई हिस्सों में बारिश की संभावना जताई है, जिससे तापमान में गिरावट आएगी और लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी। मौसम विभाग के अनुसार, झारखंड के विभिन्न जिलों में हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। इसके अलावा कुछ इलाकों में आंधी-तूफान और तेज हवाओं की भी संभावना जताई गई है।

**कहां-कहां होगी बारिश?**

**2 अप्रैल :** पलामू प्रमंडल के अंतर्गत लोहरदगा, लातेहार, पलामू, चतरा और गढ़वा जिलों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

**3 अप्रैल :** राजधानी रांची सहित कोडरमा, हजारीबाग, रामगढ़, खूंटी, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा, लातेहार, चतरा, पलामू और गढ़वा में भी बारिश की संभावना जताई जा रही है। गर्मी से मिलेगी राहतः झारखंड में इस समय अधिकतम तापमान 35 से 40 डिग्री सेल्सियस के बीच है, जिससे लोग भीषण गर्मी से जूझ रहे हैं। हालांकि, बारिश के बाद तापमान में गिरावट आने की संभावना है, जिससे राज्यवासियों को गर्मी से बड़ी राहत मिलेगी। ईद और सरहुल के आसपास मौसम के मिजाज में बदलाव होने से लोगों को राहत मिलेगी,



## महानगर औद्योगिक महावीर मंडल धुर्वा की वार्षिक बैठक संपन्न

**रांचीः** महानगर औद्योगिक महावीर मंडल धुर्वा(रांची) की एक महत्वपूर्ण बैठक सामुदायिक भवन डैम साइड रोड,धुर्वा में हुई।

बैठक में धुर्वा क्षेत्र अंतर्गत रामनवमी पूजा अखाड़ों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। मंच संचालन कर रहे कार्तिक लाल शर्मा ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि महानगर औद्योगिक महावीर मंडल के अध्यक्ष पद स्वर्गीय वेद प्रकाश सिंह के सम्मान में उन्हीं के नाम को आगे बढ़ाया जाए। अतः मंच के अध्यक्ष के तौर पर स्वर्गीय वेद प्रकाश सिंह का ही नाम सदैव रहेगा। शेष समिति के पदाधिकारियों का विस्तार बाद में किया जाएगा। महानगर औद्योगिक महावीर मंडल के बैनर तले पूर्व की तरह रामनवमी शोभा यात्रा कमला खटाल,टंकी साइड से निकलकर राम दरबार,धुर्वा बस स्टैंड होते हुए शर्मा मार्केट,मोन्टेसरी मैदान,धुर्वा थाना,कृष्णा समिति,मथुरा खटाल,टूटल पुल,पंचवटी मैदान,शिव मंदिर टंकी साइड , सेक्टर 4,संत थॉमस स्कूल, जेपी मार्केट, बांस कोचा होते हुए पुनः राम दरबार में समापन होगा। इसकी सूचना पूर्व की तरह स्थानीय थाना एवं रांची जिला के वरीय पदाधिकारियों को सूचना दी जाएगी।

समिति में विभिन्न अखाड़े शामिल हुएः कमला खटाल, टंकीसाइड, जेपी मार्केट, मथुरा खटाल, टुटल पुल,बांस कोचा,राम दरबार, हडसेर,डैम साइड, सिंचाई कॉलोनी, महावीर मंदिर,डैम साइड, मानस मंदिर,शर्मा रोड,केन्द्रीय दुर्गा पूजा समिति, नव युवक संघ, सीटीओ,पंचवटी मैदान, शिव मंदिर,लटमा, सेक्टर 4 हनुमान मंदिर, संत थॉमस स्कूल, जागृति शिव मंदिर शामिल हैं। सभा में राजीव रंजन मिश्रा,अशोक पुरोहित,शोभा यादव, कामेश्वर सिंह,अनिल सिंह,सागर कुमार,शम्भु सिंह,दलबीर सिंह,अरविंद सिंह,सुशील सिंह, आनंद मूर्ति, जितेंद्र सिंह,उमेश यादव,चंदन,राम बदन सिंह,डब्ल्यू सिंह, राजेश्वर प्रसाद शर्मा,दिलीप जैन,शत्रुघ्न प्रसाद,उमेश प्रसाद,दिवाकर सिंह,अश्विनी कुमार,विनय कुमार,धर्मेंद्र मिश्रा, रमेश भारती, प्रभात राजन,संतोष सिंह,सुनील सिंह,अभिजीत कुमार प्रेम नाथ चक्रवर्ती,संतोष कुमार, बिट्टू मिश्रा,रविशंकर,नवनीत सिंह,वैभव,दीपक,नीरज कुमार,रिंकू सिंह,मैनेजर जी,विश्वनाथ सिंह,अंकित मिश्र,छोटे,रबीन्द्र उर्फ लुलु,रोहन,कौशल सिंह,पंकज कुमार सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

# नववर्ष उत्सवः राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का भव्य आयोजन

**संवाददाता**

**रांचीः** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, रांची महानगर द्वारा नववर्ष उत्सव (वर्ष प्रतिपदा) का आयोजन रांची के डॉ। श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के फुटबॉल मैदान में धूमधाम से किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, शनिचरवा उरांव (वरीय प्रबंधक, झारखंड ऊर्जा विकास निगम) ने नववर्ष उत्सव के सफल आयोजन और सामाजिक चेतना के प्रसार के लिए संघ की सराहना की। उन्होंने कहा, झारखंड में हम सब मिलकर नववर्ष मनाएं, जैसे प्रकृति पुष्पित-पल्लवित हो रही है, वैसे ही हम नए विचारों के साथ राज्य को बेहतर बनाने का संकल्प लें।

प्राकृतिक परिवर्तन और नववर्ष का वैज्ञानिक दृष्टिकोणः श्री कुणाल कुमार ने अपने उद्बोधन में प्रकृति में हो रहे परिवर्तनों की ओर ध्यान आकर्षित किया, जैसे पेड़ों में नई कोपलें आना, हरियाली का बढ़ना और नवरात्रि की शुरूआत। वर्ष प्रतिपदा का ऐतिहासिक और सांस्कृतिक




महत्वः उन्होंने बताया कि नववर्ष (वर्ष प्रतिपदा) पूरे देश में विभिन्न रूपों में मनाया जाता है, जैसे श्रीराम का राज्याभिषेक, युधिष्ठिर का राज्याभिषेक, महर्षि दयानंद की आर्य समाज स्थापना, विक्रमादित्य महाराज का राज्याभिषेक आदि। यह दिन सृष्टि के सृजन का प्रतीक है, जब ब्रह्मा जी ने 'एकोहं बहुस्याम' की संकल्पना के साथ सृष्टि की शुरूआत की थी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना और उद्देश्यः डा। केशव बलिराम हेडगेवार की जयंती पर, जिन्होंने हिंदू समाज को एकजुट करने के लिए संघ की स्थापना की, उनके योगदान को याद किया गया। स्वामी विवेकानंद और बाबा साहेब अंबेडकर के उद्धरणों के माध्यम से समाज में एकता और जागरण की आवश्यकता पर बल दिया गया। डा। साहब के दृष्टिकोण से प्रेरित होकर, संघ समाज के सर्वांगीण उन्नति के लिए निरंतर कार्यरत है। समाज में एकता की आवश्यकताः उद्बोधन में समाज में व्याप्त बिखराव के कारण देश के विभाजन की चर्चा की गई। महर्षि अरविंद की भविष्यवाणी के अनुसार, विभाजन के बाद के वर्षों में समाज में एकता की दिशा में प्रयास तेज हुए हैं। संघ ने सामाजिक जागरण के माध्यम से समाज को एकजुट करने का निरंतर प्रयास किया है, जिसमें समाज का भरपूर सहयोग मिला है। शताब्दी वर्ष में शाखाओं के माध्यम से इस प्रयास को और गति देने का संकल्प लिया गया है। इन बिंदुओं के माध्यम से कुणाल कुमार ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी व्यक्तियों को समाज की एकता, सांस्कृतिक धरोहर और राष्ट्र निर्माण में संघ के योगदान के प्रति जागरूक किया। डा. केशव बलिराम हेडगेवार की जयंती पर, जिन्होंने हिंदू समाज को एकजुट करने के लिए संघ की स्थापना की, उनके योगदान को याद किया गया। स्वामी विवेकानंद और बाबा साहेब अंबेडकर के उद्धरणों के माध्यम से समाज में एकता और जागरण की आवश्यकता पर बल दिया गया। डा। साहब के दृष्टिकोण से प्रेरित होकर, संघ समाज के सर्वांगीण उन्नति के लिए निरंतर कार्यरत है। समाज में व्याप्त बिखराव के कारण देश का विभाजन हुआ था। महर्षि अरविंद की भविष्यवाणी के अनुसार, विभाजन के बाद के वर्षों में समाज में एकता की दिशा में प्रयास तेज हुए हैं। संघ ने सामाजिक जागरण के माध्यम से समाज को एकजुट करने का निरंतर प्रयास किया है।

## ईद उल फितर की धूम, लोगों ने मांगी अमन-चैन की दुआ



**धनबादः** इस्लामिक कैलेंडर के अनुसार रमजान के बाद शव्वाल की पहली तारीख को 'ईद उल फितर' मनाई जाती है। ईद उल फितर के साथ ही माह-ए-रमजान का समापन हो जाता है। सोमवार को देश भर में ईद-उल-फितर धूमधाम से मनाई जा रही है।

धनबाद की सभी ईदगाह और मस्जिदों में बहुत बड़ी तादाद में लोग इकट्ठा हुए और नमाज अदा की। ईद की नमाज के बाद सभी ने एक दूसरे को गले मिलकर मुबारकबाद दी। इस मौके पर बच्चे काफी उत्साहित नजर आए। वहीं, बड़े, बुजुर्ग सभी अल्लाह का शुक्रिया अदा करते दिखाई दिए। शहर के तालडंगा ईदगाह, शिवलीबाड़ी रहमत नगर के ईदगाह से बहुत ही खूबसूरत तस्वीरें सामने आई हैं।

मौके पर निरसा के विधायक अरुप चटर्जी, जिप सदस्य गुलाम कुरैशी और प्रशासन के लोग उपस्थित रहे। सभी ने ईद की बधाइयां दी, बड़ी मस्जिद के इमाम मौलाना मसूद अजहर कादरी ने कहा कि यह पर्व भाईचारगी का पर्व है। अल्लाह के हर बंदे आज के दिन एक दूसरे से गले मिलकर ईद की बधाइयां देते हैं। अल्लाहताला सभी को खुशियां दे और देश में अमन चैन बनी रहे।

## सुविचार

**मेहनत करने से दरिद्रता नहीं रहती, धर्म करने से पाप नहीं रहता, मौन रहने से कलह नहीं होता।**

## कहां गई संवेदनशीलता

यौन उत्पीड़न से जुड़े एक मामले में सुप्रीम कोर्ट को फिर से दखल देना पड़ा और इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगानी पड़ी। यह जितना राहत भरा है, उतना ही चिंताजनक भी। देश की शीर्ष अदालत का हाईकोर्ट के जज को नसीहत देना बताता है कि महिलाओं को लेकर समाज में जितनी संवेदनशीलता होनी चाहिए थी, उतनी है नहीं। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक मामले में फैसला सुनाते हुए कहा था कि नाबालिग के प्राइवेट पार्ट को छूना और सलवार का नाड़ा खींचना रेप की कोशिश नहीं है। यह टिप्पणी उन महिलाओं को हतोत्साहित करने और उनका मखौल उड़ाने जैसी थी, जो यौन उत्पीड़न जैसे अपराध की शिकार हैं और न्याय पाने के लिए संघर्ष कर रही हैं। सुप्रीम कोर्ट के फैसले से उन्हें हिम्मत मिली होगी कि न्याय का पलड़ा उनके पक्ष में है। अदालती फैसले केवल कठघरे तक सीमित नहीं रहते। इनका असर व्यापक समाज पर पड़ता है। इससे भविष्य में अपराधियों को दंड और पीड़ित को न्याय दिलाने में मदद मिलती है। दुर्भाग्य से मौजूदा मामले की एक टिप्पणी अगर कायम रहती, तो आगे चलकर रेप से जुड़े मामलों में महिलाओं को इंसाफ दिलाना मुश्किल हो सकता था। हाईकोर्ट के फैसले में कहा गया था कि अपराध की तैयारी और उसके प्रयास में मुख्य अंतर केवल इरादे की मजबूती का होता है। गनीमत है कि सुप्रीम कोर्ट ने इसे भी गलत बताया। शीर्ष अदालत ने गलतियों को सुधारने की कोशिश की है, लेकिन सवाल है कि ऐसी नौबत आती ही क्यों है? यौन उत्पीड़न से जुड़े केस में तो खास संवेदनशीलता और पीड़िता पर पड़ने वाले भावनात्मक असर का ख्याल रखा जाना चाहिए। हर एक शब्द नाप-तौल कर इस्तेमाल होना चाहिए। लेकिन, ऐसा क्यों नहीं हो रहा? पिछले साल कलकत्ता हाईकोर्ट ने एक टिप्पणी में कहा था कि लड़कियों को अपनी यौन इच्छाओं पर काबू रखना चाहिए और तब भी सुप्रीम कोर्ट ने दखल देते हुए इसे आपत्तिजनक बताया था। फिर पिछले साल ही सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट को याद दिलाया कि बलात्कार के आरोपी को पीड़िता या उसके माता-पिता या संरक्षक की बात सुने बिना जमानत नहीं दी जानी चाहिए। महिलाओं के लिए न्याय की लड़ाई अब भी बहुत कठिन है। उन्हें अत्याचार करने वाले का तो सामना करना ही पड़ता है, कई बार खुद के परिवार और समाज से भी भिड़ना पड़ता है। हर कदम पर उन्हें इज्जत की दुहाई मिलती है। यह सब झेलते हुए जब वह अदालत पहुंचती हैं, तो बार-बार बीती बातों को याद दिलाया जाता है। इस संघर्ष में उन्हें न्यायपालिका का साथ चाहिए, ऐसी टिप्पणियां और दकियानूसी नसीहतें नहीं, जो उनकी मुश्किलों को और बढ़ा दें।

## क्लाइमेट चेंज का खतरा

विश्व मौसम संगठन की ताजा रिपोर्ट में यूं तो कोई ऐसी नई बात नहीं है, जिसके बारे में पहले से अंदाजा न रहा हो, लेकिन यह एक बार फिर याद दिलाती है कि जीव जगत खतरनाक भविष्य की ओर कितनी तेजी से बढ़ रहा है। पिछले दस साल इस धरती पर अब तक के सबसे गर्म रहे हैं। ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन और जलवायु परिवर्तन से जुड़ी चुनौतियां बद से बदतर होती जा रही हैं। आम तौर पर माना जाता है कि इस ग्रह के निरंतर अधिकाधिक गर्म होते जाने का अहसास मानवीय चेतना के लिए एक नई बात है। लेकिन यूरोप और अमेरिका में वैज्ञानिकों ने 19वीं सदी के शुरूआती सालों में ही यह समझ लिया था कि मानवीय सभ्यता के केंद्र ज्यादा गर्मी पैदा कर रहे हैं। उनके ध्यान में यह बात आ चुकी थी कि आसपास के देहाती इलाकों के मुकाबले शहरों में गर्मी ज्यादा होती है। गर्मी का मारक रूप भी तभी से दिखने लगा था। ऑस्ट्रेलिया में 1897 और लंदन में 1900 का साल गर्मी के लिहाज से खास माना गया था। कलकत्ता में 1905 में जब तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया तो गर्मी के चलते कई यूरोपियंस की मौत भी दर्ज की गई थी। बाद के वर्षों में हालात लगातार गंभीर ही होते चले गए। 1962 से अब तक हिमालयी ग्लेशियरों का 30 फीसदी हिस्सा पिघल चुका है। क्लाइमेट चेंज की वजह से हो रहे आर्थिक नुकसान भी कम गंभीर नहीं हैं। एक्सपर्ट्स के मुताबिक 8 प्रमुख फसलों- मक्का, गेहूं, चावल, सोया, केला, आलू, कोको, कॉफी - की पैदावार पर इसका सीधा असर पड़ सकता है। यही नहीं, अगले 25 वर्षों में वैश्विक कमाई 19 फीसदी तक घटने की आशंका है। पॉट्सडैम इंस्टिट्यूट फॉर क्लाइमेट इंपैक्ट रिसर्च के मुताबिक भारत में इन्हीं वजहों से कमाई में 25 फीसदी तक की गिरावट आ सकती है। चिंता की बात यह है कि क्लाइमेट चेंज को लेकर जिस तरह की गंभीरता हमारी सरकारों में दिखनी चाहिए, वह अब भी नहीं दिख रही। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप तो इन चिंताओं को सीधे तौर पर खारिज करते हैं। भारत सरकार ने जरूर इस पर गंभीरता दिखाई है। सबसे सकारात्मक बात यह है कि अभी भी अगर सही ढंग से प्रयास किए जाएं तो हालात सुधरने शुरू हो सकते हैं।

# भारत के सशक्त स्वास्थ्य मोर्चे का दुनिया ने लोहा माना

> मोदी सरकार की प्रभावी स्वास्थ्य योजनाओं के बावजूद अब भी स्वास्थ्य के मोर्चे पर बहुत कुछ किया जाना बाकी है। बड़ी हकीकत यह भी है कि एक बड़ी संख्या में लोग सरकारी अस्पतालों में मजबूरी में ही उपचार कराना पसंद करते हैं। छोटे शहरों और गांवों में न केवल डॉक्टरों, स्वास्थ्य कर्मियों की कमी है, बल्कि अस्पतालों और मेडिकल उपकरणों की भी। इसके चलते इन क्षेत्रों के लोग शहरों के बड़े अस्पतालों की ओर दौड़ लगाते हैं, जहां निजी क्षेत्र के अस्पतालों के मुकाबले सरकारी अस्पताल बहुत पीछे नजर आते हैं।

**ललित गर्ग**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'स्वस्थ भारत मिशन' के तहत देश भर में चलाई जा रही विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं से देश में व्यापक पैमाने पर बदलाव ही नहीं, बल्कि आमूल-चूल परिवर्तन आया है। यह बात हम नहीं कह रहे, बल्कि पूरी दुनिया इस योजना का लोहा मान रही है। संयुक्त राष्ट्र ने भारत में विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं के तहत शिशु मृत्यु दर में कमी लाने की तारीफ की है। इतना ही नहीं यूएन ने प्रधानमंत्री मोदी की आयुष्मान भारत योजना को भी शानदार, अनूठी एवं प्रेरक बताया है। एक कार्यक्रम के दौरान विश्व निकाय ने 'आयुष्मान भारत' जैसी स्वास्थ्य पहलों का उदाहरण देते हुए शिशु मृत्यु दर में कमी लाने में भारत के प्रयासों और प्रगति की सराहना की तथा इसे 'अनुकरणीय' बताया। मोदी सरकार के ऐसे कामों एवं उपलब्धियों की आलोचना करने वालों को प्रशंसा भी करनी चाहिए, क्योंकि अच्छे काम के लिए प्रशंसा सरकारों को मूल्यवान महसूस कराती हैं और उन्हें अपने काम के प्रति अधिक वफादार एवं जिम्मेदार बनाती हैं। अनेक शोध के अनुसार, जो देश एवं प्रांत अपनी सरकारों की उल्लेखनीय उपलब्धियों को मान्यता देते हैं, उनकी उत्पादकता और प्रदर्शन में अधिक वृद्धि देखी जाती है और दुनिया इसकी प्रशंसा करती है। प्रशंसा और आभार व्यक्त करने से समुदाय की भावना, जिम्मेदारी और राष्ट्र के लिये कुछ अधिक सशक्त करने का एक कारण मिलता है। ऐसे कारणों से नया भारत, विकसित भारत एवं सशक्त भारत का निर्माण होता है। मोदी सरकार अनेक क्षेत्रों में अनूठा एवं विलक्षण करते हुए देश से न केवल गरीबी का कलंक मिटाया है बल्कि अनेक समस्याओं से मुक्ति भी दिलायी है। स्वास्थ्य मोर्चे पर भारत की उपलब्धियों आश्चर्यकारी रही है, कोरोना-काल में भारत ने दुनिया को स्वास्थ्य-सहायता पहुंचायी है। वर्ष 2000 के बाद भारत में नौनिहालों का जीवन बचाने की सार्थक एवं प्रभावी मुहिम छेड़ी है, जो एक बड़ी छलांग एवं उपलब्धि है। संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी के इस आकलन से मोदी सरकार अपनी पीठ थपथपा सकती है कि संयुक्त राष्ट्र एजेंसी की रिपोर्ट में उन योजनाओं और कार्यक्रमों का उल्लेख किया गया है, जिनके चलते शिशुओं की मृत्युदर कम करने में सफलता मिली है। इसका अर्थ है कि बीते कुछ समय में स्वास्थ्य सेवाओं और ढांचे को बेहतर करने के लिए वास्तव में कई उल्लेखनीय कदम उठाए गए हैं। इनमें आयुष्मान भारत योजना भी है। इसका उल्लेख भी संयुक्त राष्ट्र एजेंसी ने विशेष रूप से किया है। यह स्वास्थ्य संबंधी विश्व की सबसे बड़ी योजना है। यह निर्धन परिवारों के लिए वरदान सिद्ध हुई है। आश्चर्य नहीं कि संयुक्त राष्ट्र एजेंसी ने कहा कि भारत ने रणनीतिक निवेश के माध्यम लाखों लोगों के जीवन को बचाने का काम किया है। आयुष्मान भारत योजना की उपयोगिता को देखकर ही हाल में 70 वर्ष की आयु के सभी बुजुर्गों को इस योजना के दायरे में लाया गया है। इसने दिखाया है कि राजनीतिक इच्छाशक्ति, साक्ष्य-आधारित रणनीतियों और निरंतर निवेश से शिशु मृत्यु दर में ही नहीं, बल्कि अन्य स्वास्थ्य चुनौतियों में पर्याप्त कमी लाई जा सकती है।

संयुक्त राष्ट्र अंतर-एजेंसी समूह की बाल मृत्युदर आकलन रिपोर्ट में भारत, नेपाल, सेनेगल, घाना व बुरुंडी का उदाहरण दिया गया। वर्ष 2000 से भारत ने पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्युदर में 70 व नवजात शिशुओं की मृत्युदर में 61 प्रतिशत की कमी हासिल की है। स्वास्थ्य कवरेज बढ़ाने, सशक्त स्वास्थ्य नीतियों एवं योजनाओं से मौजूदा स्थिति को सुधारने के लिए किए गए उपायों के कारण ऐसा संभव हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि हर गर्भवती महिला मुफ्त प्रसव की हकदार है और शिशु देखभाल संस्थानों में मुफ्त परिवहन, दवाएं, निदान और आहार इसमें सहायता प्रदान करती है। भारत ने प्रसूति प्रतीक्षा गृहों, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य विंग, बीमार नवजात की देखभाल, मातृ देखभाल और जन्म दोष जांच के लिए बुनियादी ढांचे को मजबूत किया है। भारत ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए दाइयों व कुशल प्रसव सहायकों के प्रशिक्षण और तैनाती को भी प्राथमिकता दी है। दुनिया भर में लगभग एक अरब बच्चे पहले से ही उच्च जोखिम वाले जलवायु खतरों का सामना कर रहे हैं और बच्चों के जलवायु जोखिम सूचकांक में भारत 26वें स्थान पर है। रिपोर्ट में पूर्वानुमान व्यक्त किया गया है कि जलवायु संकट बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा पर तथा पानी जैसे आवश्यक संसाधनों तक उनकी पहुंच पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। लेकिन भारत इन स्थितियों में स्वास्थ्य चुनौतियों को कम करने के लिये सशक्त योजनाओं एवं सोच के साथ तत्पर है।

मोदी सरकार की प्रभावी स्वास्थ्य योजनाओं के बावजूद अब भी स्वास्थ्य के मोर्चे पर बहुत कुछ किया जाना बाकी है। बड़ी हकीकत यह भी है कि एक बड़ी संख्या में लोग सरकारी अस्पतालों में मजबूरी में ही उपचार कराना पसंद करते हैं। छोटे शहरों और गांवों में न केवल डॉक्टरों, स्वास्थ्य कर्मियों की कमी है, बल्कि अस्पतालों और मेडिकल उपकरणों की भी। इसके चलते इन क्षेत्रों के लोग शहरों के बड़े अस्पतालों की ओर दौड़ लगाते हैं, जहां निजी क्षेत्र के अस्पतालों के मुकाबले सरकारी अस्पताल बहुत पीछे नजर आते हैं। यह सही है कि बीते कुछ वर्षों में अनेक नए मेडिकल कॉलेज खुले हैं, लेकिन सरकार के सामने बड़ी समस्या है कि इन मेडिकल कॉलेजों से निकले डॉक्टर ग्रामीण इलाकों में सेवाएं देने के लिए तैयार नहीं होते। सरकारी अस्पतालों को सशक्त एवं सर्वसुविधायुक्त किया गया है लेकिन समय के साथ उपचार महंगा होता जा रहा है। यदि किसी गंभीर बीमारी से ग्रस्त व्यक्ति को निजी अस्पताल में उपचार कराना पड़ता है तो वह कर्जे में डूब जाता है। इसका एक कारण यह भी है कि अपने यहां स्वास्थ्य बीमा का उतना चलन नहीं, जितना आवश्यक है। सरकारें इससे अनभिज्ञ नहीं हो सकतीं कि अधिक आयु के लोगों के लिए स्वास्थ्य बीमा महंगा होता जाता है और इसके बाद भी उसमें अच्छा-खासा जीएसटी लगता है। सरकार को अधिक प्रभावी स्वास्थ्य परिणामों के लिये स्वास्थ्य सेवाओं एवं दवाओं को जीएसटी से मुक्त करना चाहिए। बच्चों की बढ़ती आबादी के साथ नित नई चुनौतियाँ भी बढ़ेंगी। इसलिए इन चुनौतियों से निपटने के लिए बच्चों और युवाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और कौशल विकास में अधिक निवेश करना बहुत जरूरी है। जलवायु परिवर्तन से जुड़े खतरों से बहुत अधिक गर्मी, बाढ़, जंगल में आग और चक्रवात जैसी घटनाओं में आठ गुना वृद्धि होने का अनुमान है और इनका सीधा असर बच्चों पर पड़ेगा। निश्चित ही मोदी सरकार इन चुनौतियों से लड़ने में सक्षम है। एक अच्छा लीडर किसी चीज का ब्लेम थोड़ा ज्यादा लेता है और क्रेडिट लेने के मामले में पीछे रहता है। दरअसल, दीर्घकालिक दृष्टिकोण के बिना कोई भी कार्रवाई स्थायी परिवर्तन लाने में विफल ही रहेगी। इतिहास अक्सर किसी आदमी से ऐसा काम करवा देता है, जिसकी उम्मीद नहीं होती। और जब राष्ट्र की आवश्यकता का प्रतीक कोई आदमी बनता है तब भले ही उसकी प्रशंसा क्यों न हो, उसका कद स्वतः बढ़ जाता है। मोदी ने इस युग को वह दिया जिसकी उसे जरूरत है, वह नहीं जिसकी कि वह प्रशंसा करे।

# नैतिक पतन के चलते खतरे में इंसानी रिश्ते

> आज के समय में जब हम समाचार पत्रों और सोशल मीडिया पर नजर डालते हैं तो चारों ओर अपराध, धोखा, हिंसा और नैतिक पतन की खबरें देखने को मिलती हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि समाज घोर कलयुग के प्रभाव में प्रवेश कर चुका है। पारिवारिक सम्बंधों में विश्वास की कमी, नैतिक मूल्यों का ह्रास और भौतिक सुखों की अंधी दौड़ ने मानवीय संवेदनाओं को कमजोर कर दिया है। समाज में नैतिकता, रिश्तों की अहमियत और मानवीय संवेदनाएँ धीरे-धीरे कमजोर होती जा रही हैं।

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

समाज में कितना पतन बाकी है? यह सुनकर दिल दहल जाता है कि कोई बेटा अपने ही माता-पिता की इतनी निर्ममता से हत्या कर सकता है। महिला ने जेठ के साथ मिलकर अपने दो वर्ष के बेटे को मरवा दिया। पत्नी ने प्रेमी सँग मिलकर मर्चेंट नेवी मे अफसर पति के टुकड़े-टुकड़े कर ड्रम में डाल दियाा। पिता ने नौकर से अपने बेटे की हत्या करवायीं। ये कुछ वारदातें तो बानगी भर हैं। दरअसल नैतिक पतन के चलते इस तरह की खबरें अब आम हो रही हैं। ऐसे अपराध यह दिखाते हैं कि समाज में मानसिक संतुलन, नैतिकता और पारिवारिक मूल्यों में कितनी गिरावट आ चुकी है। लेकिन यह भी ध्यान देने की बात है कि नकारात्मक घटनाएँ समाचारों में ज्यादा दिखाई देती हैं, क्योंकि वे लोगों का ध्यान आकर्षित करती हैं। समाज में आज भी बहुत से लोग हैं जो प्रेम, सहयोग और नैतिकता से भरे हुए हैं। हमें जरूरत है कि हम अच्छाई को भी उतना ही महत्त्व दें और समाज को बेहतर बनाने की दिशा में काम करें। इस पतन के कारणों को समझकर समाधान निकालना जरूरी है- परिवारों में संवाद बढ़ाना, मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना, नैतिक शिक्षा को मजबूत करना और अपराध रोकने के लिए सख्त कदम उठाना। हमें यह भी सोचना होगा कि हम किस तरह के मूल्यों को बढ़ावा दे रहे हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए कैसा समाज बना रहे हैं। समाज के पतन को पूरी तरह रोकना कठिन हो सकता है, लेकिन हम सब मिलकर इसे धीमा कर सकते हैं और सही दिशा में मोड़ सकते हैं।

आज के समय में जब हम समाचार पत्रों और सोशल मीडिया पर नजर डालते हैं तो चारों ओर अपराध, धोखा, हिंसा और नैतिक पतन की खबरें देखने को मिलती हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि समाज घोर कलयुग के प्रभाव में प्रवेश कर चुका है। पारिवारिक सम्बंधों में विश्वास की कमी, नैतिक मूल्यों का ह्रास और भौतिक सुखों की अंधी दौड़ ने मानवीय संवेदनाओं को कमजोर कर दिया है। समाज में नैतिकता, रिश्तों की अहमियत और मानवीय संवेदनाएँ धीरे-धीरे कमजोर होती जा रही हैं। हत्या, विश्वासघात, स्वार्थ, लालच और नैतिक पतन की घटनाएँ लगातार बढ़ रही हैं। यह देखकर ऐसा लगता है कि समाज एक अंधकारमय दौर की ओर बढ़ रहा है। ऐसे अपराध यह दिखाते हैं कि समाज में मानसिक संतुलन, नैतिकता और पारिवारिक मूल्यों में कितनी गिरावट आ चुकी है। समाज में जिस तरह से नैतिक पतन बढ़ रहा है, वह केवल अपराधों की संख्या नहीं बल्कि पारिवारिक और सामाजिक ताने-बाने के टूटने का संकेत भी देता है।

समाज में रिश्तों की अहमियत धीरे-धीरे कम होती जा रही है और इसके कई कारण हो सकते हैं। पहले जहाँ रिश्तों में अपनापन, विश्वास और त्याग होता था, वहीं अब स्वार्थ, लालच और दिखावे ने उनकी जगह ले ली है। माता-पिता, भाई-बहन, पति-पत्नी और दोस्तों के बीच भी आजकल स्वार्थ और लालच हावी होता जा रहा है। परिवार, जो पहले प्रेम और सहयोग का केंद्र हुआ करता था, अब झगड़ों और आपसी मतभेदों का शिकार बनता जा रहा है। छोटी-छोटी बातों पर हत्या, बलात्कार, लूटपाट और धोखाधड़ी जैसी घटनाएँ बढ़ रही हैं। परिवार के सदस्य तक एक-दूसरे के जीवन को खतरे में डाल रहे हैं। लोग नैतिकता और ईमानदारी को छोड़कर किसी भी तरह से धन और सफलता प्राप्त करने की कोशिश कर रहे हैं, चाहे उसके लिए उन्हें किसी का शोषण ही क्यों न करना पड़े। पहले लोग जीवन में धैर्य रखते थे, कठिनाइयों को सहन करते थे, लेकिन आजकल गुस्सा और अधीरता लोगों पर हावी हो गई है। छोटे-छोटे विवाद हिंसक रूप लेने लगे हैं। धर्म केवल दिखावे का साधन बनता जा रहा है, जबकि नैतिकता और ईमानदारी की कीमत घटती जा रही है। लोग दूसरों को नैतिकता का पाठ पढ़ाते हैं, लेकिन खुद सही राह पर नहीं चलते। पहले संयुक्त परिवार होते थे, जहाँ बुजुर्गों का मार्गदर्शन रहता था लेकिन अब व्यक्तिगत स्वतंत्रता और आधुनिकता के नाम पर पारिवारिक मूल्यों में कमी आ रही है। आर्थिक दबाव, रिश्तों में तनाव और व्यक्तिगत इच्छाओं के टकराव से लोग मानसिक रूप से अस्थिर हो रहे हैं, जिससे वे गलत फैसले लेते हैं। इंटरनेट पर हिंसा, अपराध और अनैतिकता को कहीं न कहीं सामान्य बना दिया गया है। लोग बिना सोचे-समझे घातक कदम उठा लेते हैं। स्कूलों और परिवारों में बच्चों को सही और गलत का फर्क कम सिखाया जा रहा है। लालच, ईर्ष्या और व्यक्तिगत स्वार्थ बढ़ रहे हैं। अपराधी जानते हैं कि सजा मिलने में देरी होगी या बचने का रास्ता मिल जाएगा, जिससे अपराधों की संख्या बढ़ रही है।

अब सवाल है कि इस नैतिक गिरावट को कैसे खत्म किया जाए। दरअसल, यदि परिवार, समाज और सरकार मिलकर सही कदम उठाएँ, तो इस गिरावट को रोका जा सकता है। पारिवारिक मूल्यों को पुनर्जीवित करने के लिए माता-पिता को बच्चों के साथ समय बिताना चाहिए। उन्हें नैतिक शिक्षा देनी चाहिए और सही-गलत का फर्क. समझाना चाहिए। तनाव, अवसाद और गुस्से से जुड़ी समस्याओं को नजरअंदाज न किया जाए। जरूरत हो तो थैरेपी और काउंसलिंग को अपनाया जाए। अपराधियों को कड़ी सजा मिले और कानूनी प्रक्रिया तेज हो, ताकि अपराधियों में डर बना रहे। सकारात्मक कहानियों और नैतिकता से जुड़े कंटेंट को बढ़ावा देना चाहिए, जिससे समाज में अच्छे मूल्यों की प्रेरणा मिले। स्कूलों में नैतिक शिक्षा, सहानुभूति और सामाजिक मूल्यों पर जोर दिया जाए। समाज में नैतिकता और इंसानियत बनाए रखने के लिए हम सबको अपनी ज़िम्मेदारी निभानी होगी। यह केवल सरकार या कानून का काम नहीं है, बल्कि हर व्यक्ति को अपने स्तर पर बदलाव लाने की जरूरत है।

स्पष्ट है कि घोर कलयुग के इस समय में भी अगर हम अपने कर्मों को सही दिशा में रखें, तो यह अंधकार थोड़ा कम हो सकता है। समाज में नैतिकता और इंसानियत बनाए रखने के लिए हमें खुद से शुरूआत करनी होगी। हम केवल सरकार और कानून व्यवस्था को दोष नहीं दे सकते, बल्कि हमें अपने व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन में बदलाव लाने होंगे। घोर कलयुग के इस समय में भी यदि हम अपने कर्मों को सही दिशा में रखें, तो समाज में अच्छाई का पुनर्जागरण संभव है। हमें यह तय करना होगा कि हम इस अंधकार में खो जाना चाहते हैं या फिर अपने प्रयासों से रोशनी की एक नई किरण लाना चाहते हैं।

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# राजस्थान का प्रमुख लोकोत्सव है गणगौर पर्व

गणगौर एक प्रमुख त्योहार है। यह मुख्य रूप से राजस्थान, हरियाणा, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के ब्रज क्षेत्र में मनाया जाता है। गणगौर दो शब्दों गण और गौर से बना है। इसमें गण का अर्थ भगवान शिव और गौर का अर्थ माता पार्वती से है। इस दिन अविवाहित कन्याएं और विवाहित स्त्रियां भगवान शिव, माता पार्वती की पूजा करती हैं। साथ ही उपवास रखती हैं। कई क्षेत्रों में भगवान शिव को ईसर जी और देवी पार्वती को गौरा माता के रूप में पूजा जाता है। गौरा जी को गवरजा जी के नाम से भी जाना जाता है। धर्मग्रंथों के अनुसार श्रद्धाभाव से इस व्रत का पालन करने से अविवाहित कन्याओं को इच्छित वर की प्राप्ति होती है और विवाहित स्त्रियों के पति को दीघार्यु और आरोग्य की प्राप्ति होती है।

राजस्थानी परम्परा के लोकोत्सव अपने में एक विरासत को संजोए हुए हैं। राजस्थान को देव भूमि कहा जाय तो गलत नहीं होगा। यहां सभी सम्प्रदाय फले फूले हैं। यहाँ के शासकों ने विश्व कल्याण की भवना से अभिभूत होकर लोक मान्यताओं का सम्मान किया है। इसी कारण यहां सभी देवी देवताओं के उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाये जाते हैं। गणगौर का उत्सव भी ऐसा ही लोकोत्सव है। जिसकी पृष्ठ भूमि पौराणिक है। समय के प्रभाव से उनमें शास्त्राचार के स्थान पर लोकाचार हावी हो गया है। परन्तु भाव भंगिमा में कोई कमी नहीं आई है। गणगौर भी राजस्थान का ऐसा ही एक प्रमुख लोक पर्व है। लगातार 17 दिनों तक चलने वाला गणगौर का पर्व मूलतः कुंवारी लड़कियों व महिलाओं का त्यौहार है। राजस्थान की महिलाएं चाहे दुनिया के किसी भी कोने में हो गणगौर के पर्व को पूरी उत्साह के साथ मनाती है। विवाहिता एंव कुवारी सभी आयु वर्ग की महिलायें गणगौर की पूजा करती है। होली के दूसरे दिन से सोलह दिनों तक लड़कियां प्रतिदिन प्रातः काल ईसर-गणगौर को पूजती हैं। जिस लड़की की शादी हो जाती है वो शादी के प्रथम वर्ष अपने पीहर जाकर गणगौर की पूजा करती है। इसी कारण इसे सुहागपर्व भी कहा जाता है।

राजस्थान की राजधानी जयपुर में गणगौर उत्सव दो दिन तक धूमधाम से मनाया जाता है। सरकारी कार्यालयों में आधे दिन का अवकाश रहता है। ईसर और गणगौर की प्रतिमाओं की शोभायात्रा राजमहल से निकलती है। इनको देखने बड़ी संख्या में देशी-विदेशी सैनानी उमड़ते हैं। सभी उत्साह से भाग लेते हैं। इस उत्सव पर एकत्रित भीड़ जिस श्रृद्धा एवं भक्ति के साथ धार्मिक अनुशासन में बंधी गणगौर की जय-जयकार करती हुई भारत की सांस्कृतिक परम्परा का निर्वाह करती है उसे देख कर अन्य धर्मावलम्बी भी इस संस्कृति के प्रति श्रृद्धा भाव से ओतप्रोत हो जाते हैं। ढूंढाड़ की भांति ही मेवाड़, हाड़ौती, शेखावाटी सहित इस मरुधर प्रदेश के विशाल नगरों में ही नहीं बल्कि गांव-गांव में गणगौर पर्व मनाया जाता है एवं ईसर-गणगौर के गीतों से हर घर गुंजायमान रहता है।

## सेहत

### थकान और कमजोरी का कारण आपकी डाइट तो नहीं?

**बार-बार एनर्जी क्रैश होना :** अगर आप भोजन के बाद एनर्जेटिक महसूस करते हैं, लेकिन कुछ ही घंटों के बाद ही थक जाते हैं, तो यह बहुत अधिक रिफांइड काबोर्हाइड्रेट और शुगर का सेवन करने के कारण हो सकता है। व्हाइट ब्रेड, पेस्ट्री और शुगरी ड्रिंक्स जैसे फूड आइटम्स ब्लड शुगर स्पाइक का कारण बनते हैं, जिससे एकदम से एनर्जी क्रैश होता है और आप अधिक सुस्त और चिड़चिड़े महसूस करते हैं। इसलिए, अपनी डाइट में होल ग्रेन, सब्जियां और फाइबर रिच फूड्स को शामिल करें।

**बार-बार मीठा या जंक फूड खाने की क्रेविंग होना :** क्या आपको अक्सर मीठा और प्रोसेस्ड फूड खाने की इच्छा होती है? इसका मतलब है कि आपके आहार में आवश्यक पोषक तत्वों की कमी है। जब आपके शरीर को पर्याप्त प्रोटीन, स्वस्थ वसा या फाइबर नहीं मिल रहा होता है, तो वह शुगर जैसे क्विक एनर्जी सोर्स की इच्छा करता है। इसलिए, क्रेविंग को दूर रखने के लिए अपने भोजन में प्रोटीन रिच फूड आइटम्स (अंडे, मेवे, दालें), हेल्दी फैट्स (एवोकाडो, जैतून का तेल) और फाइबर (फल व सब्जियां) शामिल करें।

**खाने में पेट में भारीपन महसूस होना :** अगर आपका पाचन तंत्र धीमा है, तो यह आपकी एनर्जी को कम कर सकता है। अगर भोजन के बाद आपको पेट भारी या फूला हुआ लगता है, तो इसकी वजह ज्यादा प्रोसेस्ड फूड, अनहेल्दी फैट जैसे तला-भुना खाना या फाइबर की कमी हो सकती है। इसलिए, अपनी डाइट को बैलेंस करें। दही, अचार और अन्य फर्मेंटेड फूड जैसे प्रोबायोटिक्स खाएं, ज्यादा फाइबर वाले फल और सब्जियां शामिल करें, और पाचन को बेहतर बनाने के लिए भरपूर पानी पिएं।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website :** www.metrorays.in
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

न्यूज ब्रीफ

## साहिबगंज के प्रांगण में त्रिदिवसीय विद्यालयी वार्षिक आचार्य कार्यशाला



**साहिबगंज :** रविवार को विद्या भारती विद्यालय जमुनादास केदारनाथ चौधरी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर,साहिबगंज के प्रांगण में त्रिदिवसीय विद्यालयी वार्षिक आचार्य कार्यशाला के तृतीय दिवस के प्रथम सत्र में वंदना के पश्चात नवीन शैक्षिक तकनीक के प्रयोग पर विस्तार से चर्चा की गई।राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिपेक्ष में चर्चा की गई।द्वितीय सत्र में गुरु दक्षिणा में सम्मिलित होने एवं सेवा कार्य हेतु समर्पण पर चर्चा की गई।प्रतियोगिता,परिणाम एवं उपलब्धि पर चर्चा की गई।सेवा कार्य विद्या भारती कार्यकर्ता कल्याण न्यास आचार्य कल्याण कोष हेतु संग्रह की योजना बनाई गई। और प्रतियोगिता के निमित्त दायित्वों का बंटवारा किया गया।तृतीय सत्र में संस्कृति ज्ञान परीक्षा में अन्य विद्यालय के परीक्षार्थियों की संख्या वृद्धि पर विचार किया गया।केंद्रीय आधारभूत विषयों के क्रियान्वयन पर विचार किया गया।नवीन प्रयोग,संस्कार केंद्र सेवा प्रकल्प पर चिंतन किया गया।चतुर्थ सत्र में मुक्त चिंतन।संपूर्ण कार्यशाला का वृत प्रस्तुत किया गया।कार्यशाला में विद्यालय की सचिव डॉ मृदुला सिन्हा कोषाध्यक्ष विद्यालय के स्वावलंबी पूर्व छात्र अंकित श्रॉफ,प्रभारी प्रधानाचार्य श्रीमती किरण कुमारी गुप्ता विद्यालय के समस्त आचार्य बंधु भगिनी एवं कर्मचारी बृंद उपस्थित थे।

## रामनवमी एवं ईद पर्व के मद्देनजर विधि-व्यवस्था को लेकर कोडरमा पुलिस अलर्ट



**कोडरमा :** रामनवमी एवं ईद पर्व के मद्देनजर विधि व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह के निर्देश पर जिले भर के सभी थाना क्षेत्र शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में फ्लैग मार्च रविवार को निकाला गया। डोमचांच पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च के दौरान डोमचांच थाना प्रभारी ओम प्रकाश कुमार ने डोमचांच थाना परिसर से बाजार रोड, नावाडीह व जयनगर रोड होते बगड़ो, बगरीडीह, सपही, जानपुर तक फ्लैग मार्च निकालकर शांतिपूर्ण सोहद्र में ईद, रामनवमी, सरहुल, इत्यादि त्यौहार मनाने की अपील की गई। ओर नवलशाही थाना प्रभारी शशिभूषण कुमार ने थाना क्षेत्र अंतर्गत बच्चेडीह, भीमेडीह, पहाड़पुर सहित विभिन्न संवेदनशील जुलूस मार्गों का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम बिजली के झूलते तारों, सड़क किनारे पड़े भवन निर्माण सामग्री, पेड़ों की सुखी डालियों का जायजा लिए। थाना प्रभारी ने कहा कि रामनवमी व ईद का पर्व शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो इसके लिए डोमचांच पुलिस मुस्तैदी के साथ कार्य कर रही है। असामाजिक तत्वों पर नजर रखी जा रही है। विधि व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध कड़ी कानूनी कारवाई की जाएगी। शांति व्यवस्था बनाये रखने तथा शहरी ओर ग्रामीण क्षेत्र के हर गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है।मौके पर पुलिस पदाधिकारियों ने कई जनप्रतिनिधि व समाज के प्रबुद्ध लोगों से मिलकर त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को कहा। फ्लैग मार्च में डोमचांच थाना प्रभारी ओम प्रकाश कुमार, एसआई सुबोध पाठक, एसआई अजीत कुमार, एएसआई रामजीत मुंडा, कमल तांती के साथ पुलिस बल मौजूद थे।

## रामनवमी को लेकर तैयारियां शुरू,चौक चौराहों को महाबीरी झंडों से सजाया

**महुआडांड़ :** प्रखंड अंतर्गत सभी स्थानों में रामनवमी को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। बजरंग दल समेत सभी अखाड़ों के सदस्य लगे हुए है। सभी चौक चौराहों एवं गली मोहल्ले को भगवा झंडा से सजाया जा रहा है। रामनवमी पूजा को लेकर कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तैयार कर ली गई है जिसके संबंध में जानकारी देते हुए बजरंग दल जिला संयोजक सूरज साहू ने बताया कि 1 अप्रैल मंगलवार को मंगला जुलूस निकाला जाएगा। जिसमें भारी संख्या में राम भक्त मौजूद होंगे। वहीं अष्टमी जुलूस एवं रामनवमी के दिन विशाल बाइक जुलूस समेत शोभा यात्रा निकाला जाएगा। जिसमें काफी संख्या में राम भक्त अपने पारंपरिक हथियारों के साथ भाग लेंगे। वहीं नवमी के दिन प्रखंड अंतर्गत विभिन्न गांव से आए अखाड़ों के द्वारा झंडा मिलान, शक्ति प्रदर्शन, अखाड़ा में शौर्य प्रदर्शन, संध्या आरती समेत कई कार्यक्रम किए जाएंगे। पूरे प्रखंड क्षेत्र को भगवा झंडों से सजाया जाएगा। महाबीर मंडल अध्यक्ष नितीश साहु ,रामनवमी पूजा समिति अध्यक्ष पंकज दास बाबू, अंकीत जयसवाल, आयुष जयसवाल, आर्यन जयसवाल , निरंजन जयसवाल एवं राजा राम हिमांशु जयसवाल,बिट्टु राय, उज्जवल धनुप, दीपक गुप्ता, मोहित कुमार दीपक यादव लोग सक्रिय हैं।

## बारियातू प्रखंड स्तरीय सरहुल महोत्सव की तैयारी पूरी

**बारियातू :** प्रखंड मुख्यालय के सरना पड़हा भवन के प्रांगण में एक अप्रैल को आयोजित प्रखंड स्तरीय सरहुल महोत्सव के अंतिम चरण की तैयारी पूरी कर ली गई है। इस अवसर पर सरहुल पूजा समिति बारियातु के अध्यक्ष महावीर उरांव ने कहा कि प्रखण्ड मुख्यालय स्थित राजी सरना पड़हा भवन, नचना परिसर में प्रकृति का महापर्व सरहुल महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है, इस महोत्सव के मुख्य अतिथि सीओ नंदकुमार राम, बीडीओ अमित कुमार पासवन, प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, उप प्रमुख निशा सहादेव, जिला परिषद सदस्य रमेश राम व थाना प्रभारी देवेन्द्र कुमार इस सरहुल महोत्सव में आमंत्रित हैं। आयोजित कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए उन्होने बताया कि 31 मार्च को पूजा स्थल पर शाम 7 बजे घड़ा में पानी रखना, एक अप्रैल को डंडा कटना सुबह 9 बजे से 10 बजे तक, सरना स्थल मे पूजा 10 बजे से 11 बजे तक, आरती के बाद मुख्य अतिथियों और समिति सदस्यों को बैच से स्वागत, 11 से 12 बजे तक सरहुल पर्व (प्रकृति पूजा) सरना पूजा स्वागत भाषण सह परिचर्चा, 12 से 12.30 बजे तक आदिवासी संस्कृति धर्म कला प्रदर्शन, 12.30 से सरहुल पर्व शोभा यात्रा सरना पूजा स्थल से प्रखंड कार्यालय तक के लिए प्रस्थान करेगी। अध्यक्ष ने क्षेत्र वासियो को भारी से भारी संख्या में उपस्थित होकर इस गौरवपूर्ण क्षण का साक्षी बनने की अपील की है। मौके पर महाबीर उरांव, धनेश्वर उरांव, सचु उरांव, नरेश उरांव, जगदिश उरांव, रबीन्द्र उरांव, जीतु उरांव, प्रमोद उरांव, जगदिश उरांव, रामप्रीत लोहरा, भरत उरांव, सुरेश उरांव, राजीव भगत, नरेन्द्र उरांव, एनिमेश उरांव, योगेन्द्र भोक्ता सहित कई लोग उपस्थित थे।

# दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की पुजा बड़े ही धूमधाम से हुई

मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज :** जिंदगी का हर पल खुशियों से कम न हो नवरात्रि के दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की पुजा अर्चना बड़े ही धूमधाम से आराधना भक्तों द्वारा किया जा रहा था।वहीं दूसरी ओर पंडित प्रमोद ने बताया कि पहले वर्ष की तरह इस वर्ष भी हमारे सनातन धर्मियों को मानने वाले भक्त गण अपनी विधि व्यवस्था के साथ

खरना के दिन महिलाएं सुविधा अनुसार नदी-तालाब या नजदीकी जलाशय में जाकर स्नान करने के बाद भगवान सूर्य की पूजा कर अरबी चावल लौकी की सब्जी और चने की का शुद्ध शाकाहारी भोजन करेंगी। इसके साथ ही व्रत का संकल्प लेगी। वहीं, नाहया खाय के साथ 2अप्रैल से खरना के दिन व्रती 36 घंटे का निर्जला व्रत का आरंभ करेंगे। शाम के



समय पीतल या फिर मिट्टी के बर्तन में गुड़ की खीर और रोटी बनाकर पूजा की जाएगी। इसे प्रसाद के तौर पर परिवार के लोगों और आसपड़ोस के लोगों के बीच बांटा जाएगा। इसके लिए नए चूल्हे का इस्तेमाल किया जाता है। इस दिन सूर्यदेव को भोग लगाने के साथ अर्घ्य देने के बाद महिलाएं प्रसाद ग्रहण करती हैं। छठ पर्व के तीसरे दिन 3 अप्रैल को डूबते हुए सूर्य को और 4 अप्रैल उगते सूर्य देव को अर्घ्य दिया दिया जाएगा। इसके बाद व्रती पारण करेंगे।एक अप्रैल नहाय-खाय इस दिन व्रती त्योहार का संकल्प लेते हैं। एक अप्रैल से नहाय-खाय के दिन अरवा चावल, चने की दाल और लौकी की सब्जी बनाकर व्रती ग्रहण कर संकल्प लेंगे।2 चैती छठ के दूसरे दिन खरना पर शाम को विशेष प्रसाद ग्रहण किया जाता है।जिसमें गुड़ और चावल की खीर का विशेष महत्व होता है।3 अप्रैल इस दिन व्रती डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे। यह पूजा विशेष रूप से सूर्य देव की कृपा प्राप्त करने के लिए की जाती है।4 उदीयमान सूर्य को अर्घ्य पहला इस दिन उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही व्रत का समापन होता है। उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देने के बाद व्रती महिला-पुरुष पारणा करेंगे।

## भाकपा माले का हुआ सम्मेलन कमेटी बनी

**बरवाडीह :** बरवाडीह के होरीलौंग में स्थानीय स्तर पर भाकपा माले का कार्यकर्ता सम्मेलन हुआ। दिवंगत नेताओ को श्रद्धांजलि अर्पित कर सम्मेलन की शुरूआत की गई। पांच ब्रांच पार्टी के सभी सक्रिय सदस्य सम्मेलन में शामिल हुए। मुख्य अतिथि माले प्रखण्ड सचिव कृष्णा सिंह ,जिला कमेटी सदस्य रमेश कुमार आदि नेताओ ने कहा कि आज माले पूरे देश मे गरीबो की मजबूत आवाज बन गई है। हम लोगो को बरवाडीह के हर गांव में मजबूती के साथ विकास योजनाओं में राशि लूट के खिलाफ आंदोलन को तेज करना है। लूट का बोलबाला होने से विकास योजनाओं की स्थिति ठीक नही है। विकास के नाम पर लूट मची हुई है। इसे रोकना होगा और गरीबो को उसका हक दिलाना होगा। सम्मेलन में नई कमेटी का गठन किया गया। इसमे कमलेश सिंह को कमिटी का सचिव बनाया गया है। नई कमेटी में किशुन सिंह,सुदर्शन सिंह,रीना देवी,उर्मिला देवी,सीमा देवी आदि कार्यकर्ता को रखा गया है।

## नहीं थम रहा अवैध लकड़ी माफियाओं के कारनामें विभाग के आंखों में झोंक रहे है धूल



मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज/पतना :** पतना प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पहाड़ी और जंगली इलाकों में वर्षों से धरोहर की भाँति पनपे पेड़ों पर लकड़ी माफियायों की काली नजर लग चुकी है।जो धीरे धीरे पतना के जंगलों को वन विभाग की आँखों में धुल झोंककर उखाड़ फेंकती जा रही है,पहाड़ी इलाकों में रह रहे आदिवसी पहाड़िया समुदाय के लोगों को थोड़े पैसों का लालच देकर पेड़ो को रात्रि के अंधेरे में मशीन के द्वारा काट कर कुछ स्थानीय माफियायों की मदद से प.बंगाल तस्करी की जा रही है,और जंगलो को उजाड़ कर यहाँ की हरियाली को समाप्त करती जा रही है।

बीते दिनो हो चुकी है वन विभाग की कार्यवाही बावजूद शिलशिला जांरी

ज्ञात हो कि पतना प्रखण्ड के इन्ही इलाकों से बीते दिनों वन विभाग द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर पतना प्रखंड के रांगा थाना क्षेत्र के गदाई भीटा में छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध लकड़ियों के बोटें को बरामद कर जब्त की गई थी,जिससे कुछ दिनों के लिए लड़की माफियाओ के कारनामो में विराम लगा था ,परन्तु पुनःवर्तमान में रांगा थाना क्षेत्र के सरायबिन्दा,झुमरबाद,गडाईभीटा और आस पास के इलाकों में लड़कियों की अवैध कटाई जांरी है जिसका जीता जागता सबूत तस्वीरों में दिख रहे कटी हुई पेड़ और तीतर बितर कर रखे गए लकड़ियों के मोटे मोटे बोटें है।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रांगा थाना क्षेत्र के दिघी और प.बंगाल व गुमानी जैसे इलाको के लकड़ी माफियायों के तालमेल से यह खेल जांरी है,जिसे रात्रि के अंधेरे में 407 जैसे वाहनों में लोड कर दो रास्तों से तस्करी की जा रही है जो दिघी मोड़ होते हुए फरक्का एनएच80 और छोटा रांगा होते हुए केंदुआ की ओर से अंधेरे का लाभ उठाते हुए तस्करी को अंजाम दिया जा रहा है।हालांकि उक्त मामले को लेकर साहिबगंज डीएफओ से संपर्क कर अवगत कराया गया है।उन्होंने कहा कि जल्द ही वन विभाग ऐसे माफियायों और तस्करो पर कड़ी कार्यवाही करेगी,और जाँच अभियान भी संचालित की जाएगी।

## भारतमाता के जयघोष से गूंजा हरिहरगंज

**हरिहरगंज :** शहर के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर स्कूल के भैया-बहनों ने रविवार को चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा के उपलक्ष्य में शोभा यात्रा निकाली। शहर के सतगांवा स्थित स्कूल प्रांगण से निकाली गई शोभायात्रा पूरे बाजार क्षेत्र का भ्रमण करते हुए वापस हुआ। भारतीय नववर्ष मंगलमय हो, भारत माता की जय का उद्घोष भी विद्यार्थी और शिक्षकों ने किया। स्कूल के प्रधानाचार्य विजेंद्र प्रसाद शोभायात्रा में विशेष रूप से सक्रिय रहे। प्रभातफेरी के बाद वार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। अव्वल विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। आचार्य नीलिमा मेहता, संजय कुमार सिंह, काजल कुमारी, रिया कुमारी,अंजू कुमारी आदि विशेष रूप से उपस्थित थे।

## सहायक आचार्यों के जल्द नियुक्ति करें सरकार : पिरामल

**लातेहार :** जिला खेल स्टेडियम में जेटेट पास शिक्षक संघ जिला इकाई की बैठक रविवार को की गई। बैठक में मुख्य रूप से जेटेट पास शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष परिमल कुमार शामिल हुए। उन्होंने बताया कि झारखंड राज्य के गठन होने के बाद अभी तक मात्र दो बार ही जेटेट की परीक्षा हुई है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 सालों से प्राइमरी शिक्षकों की नियुक्ति नहीं हुई। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट से निर्देश मिलने के बाद भी सहायक आचार्य नियुक्ति प्रक्रिया के प्रति राज्य सरकार गंभीर नहीं है। सहायक आचार्य द्वारा सभी अर्हता को पूरा करने के बाद भी शिक्षक दर-दर को ठोकर खाने को मजबूर है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जल्द से जल्द सहायक आचार्य नियुक्ति को लेकर रिजल्ट प्रकाशित करें, नहीं तो व्यापक स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। इसके लेकर जल्द ही रणनीति बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि प्राइमरी स्कूलों की स्थिति काफी खराब है। पूरे राज्य में लगभग 7 हजार प्राइमरी स्कूलों का संचालन एकल शिक्षक के माध्यम से किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के भविष्य के साथ राज्य सरकार खिलवाड़ कर रही है , वही नियुक्ति नहीं होने के कारण बच्चों के भी भविष्य पर खतरा मंडरा रहा है। सूबे में शिक्षा में स्तर काफी नीचे चला गया है। बैठक को कई अन्य लोगों ने भी संबोधित किया। इसके पूर्व संघ के पदधारियों ने प्रदेश अध्यक्ष परिमल कुमार का बुके और फूल माला पहना कर जोरदार स्वागत किया गया। बैठक में विवेकानंद, अनिल उरांव, धीरेन्द्र कुमार दास, नीरज, वेलेंसिया नगेशिया, जेबा तरन्नुम, सरिता बेक, फूलवंती टोप्पो समेत सैकड़ों अभ्यर्थी बैठक में शामिल हुए।

## हनुमान चालीसा का उच्चारण कर किया गया योग शिविर का शुभारंभ



### पतंजलि परिवार योग समिति हरिद्वार के तत्वाधान में निशुल्क 10 दिवसीय योग शिविर का आयोजन

मेट्रो रेज संवाददाता

**कोडरमा :** पतंजलि परिवार योग समिति हरिद्वार के तत्वाधान में निशुल्क 10 दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया यह शिविर झुमरी तिलैया ग्रैंड सूर्या के लोन परिसर में किया जा रहा है शिविर का समय 4:45 से 6:15 सुबह तक योग शिविर चल रही है। शिविर के आयोजन गायत्री देवी के द्वारा किया जा रहा है और यह शिविर के योग प्रशिक्षक योगाचार्य सुषमा सुमन होगी, सुषमा सुमन ने बताया कि यह शिविर बहुत ही महत्वपूर्ण है. क्योंकि योग से क्या- क्या लाभ होती है योग क्यों करना चाहिए आने वाले योग से क्या लाभ मिलने वाला है सभी बीमारियों के बारे में बताया जाएगा चाहे योग हो आयुर्वेद हो एक्वा प्रेशर पॉइंट खाने पीने का दिनचर्या हो कौन सीजन में क्या खाना चाहिए कौन फल खाना चाहिए कौन सब्जी खाना चाहिए इसके बारे में भी पूरी जानकारी दिया जा रहा है। शिविर का उद्घाटन हनुमान चालीसा का उच्चारण करके शिविर का उद्घाटन की सुषमा सुमन ने, योगी प्रदीप कुमार सुमन ने बताया कि इस 10 दिन के योगाभ्यास में झारखंड बिहार के सुप्रसिद्ध डॉक्टर जयप्रकाश बरनवाल रहेंगे और उनका मार्गदर्शक चलेगी में जन्म से लेकर बुढ़ापा तक कैसे स्वस्थ रहें इसके बारे में जानकारी देंगे आज संबोधित करते हुए डॉक्टर जयप्रकाश बरनवाल जी ने गर्भवती महिला कैसे स्वस्थ रहें और कैसे बिना ऑपरेशन का बच्चा कैसे हो इसके बारे में मार्गदर्शक सभी मातृशक्ति को दिए और बताएं कि अभी प्रत्येक व्यक्ति को स्वस्थ रहना है तो योग्य शरण जाना ही पड़ेगा और प्रत्येक दिन योग करना होगा कम से कम 60 मिनट जरूरी योग करें और 10 दिन लगातार उनकी मार्गदर्शक मिलेगी आप लोग भी शिविर में पहुंचकर लाभ जरूर प्राप्त करें इस शिविर में भाग लेने वाले डॉ नीरजा कुमार साहा, योगाचार्य सुषमा सुमन गायत्री देवी अशोक बरनवाल संदीप कुमार महेश कुमार फोन नंबर नवाज पंकज कुमार लक्ष्मी देवी सुनीता देवी अनामिका बरनवाल रीना देवी, सुधीर कुमार दीपक कुमार बरनवाल आकृति सिन्हा, एंजेल अनुषा मॉस्किटो वाला प्राची देवी नीलम कुमारी रंजीत केसरी रूबी देवी वीरेंद्र कुमार बरनवाल रिया कुमारी बिंदेश्वरी देवी मंजू देवी ममता कुमारी विमला देवी शिविर में सैकड़ो लोग भाग लिए और स्वास्थ्य के प्रति लाभ लिए सभी लोग को योगिग जॉगिंग, सूर्य नमस्कार, 8 प्राणायाम और साधारण दंड बैठक मंडूकासन सभी बीमारी के बारे में योग बताया गया।

## सरहुल के निमित अखड़ा को जगाया

**मेदिनीनगर :** प्रकृति की पूजा का त्योहार सरहुल मंगलवार को पूरे पलामू में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इसके लिए पलामू जिला मुख्यालय सिटी मेदिनीनगर स्थित गणेश लाल अग्रवाल महाविधालय के जेएन दीक्षित छात्रावास परिसर अखड़ा में तैयारी पूरी कर ली गई है। सरहुल पूजा के मुख्य अतिथि नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो (डॉ) दिनेश कुमार सिंह होंगे। सरहुल पूजा की तैयारी के दौरान रविवार को जेएन दीक्षित छात्रावास और मेदिनीनगर सिटी के केजी और ज्योति छात्रावास के छात्राओं ने पारंपरिक रूप से नगाड़े और मांदर के थाप पर नृत्य कर अखड़ा को जगाया।

## गंगा आरती का आयोजन कर मां गंगा की स्वच्छता संरक्षण का लिया संकल्प

### सभी लोगों ने गंगा की निर्मलता और स्वच्छता बनाए रखने के महत्व पर जोर

मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज :** नमामि गंगे अभियान के तहत स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन हेल्पिंग हैंड संस्था के सहयोग से मुक्तेश्वर घाट पर किया गया। जबकि घाट की सफाई कर जनजागरूकता अभियान चलाया।जिसमें स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में गंगा आरती का आयोजन कर मां गंगा की स्वच्छता संरक्षण का संकल्प लिया गया।इस कार्यक्रम में नमामि गंगे के डीपीओ अमित मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित रहे। हेल्पिंग हैंड संस्था के ट्रस्टी श्री दीपांशु कुमार के नेतृत्व में संस्था के सदस्यों और स्थानीय नागरिकों ने घाट की सफाई में सहयोग किया।



उपस्थित सभी लोगों ने गंगा की निर्मलता और स्वच्छता बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया और इस अभियान को आगे भी जारी रखने का संकल्प भी लिया। घाट की सफाई जन जागरूकता अभियान स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान प्लास्टिक कचरा गंदगी अन्य अवशेषों को हटाया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को गंगा की स्वच्छता, जल प्रदूषण के दुष्प्रभाव एवं उसके संरक्षण के उपायों की जानकारी दी गई। लोगों से अपील की गई कि वे गंगा में कचरा न डालें और अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखें।नमामि गंगे अभियान के तहत यह पहल समाज मेंजागरूकता बढ़ाने और गंगा को प्रदूषण मुक्त बनाने के उद्देश्य से की गई, जिसे स्थानीय नागरिकों का पूरा समर्थन मिला।

गंगा आरती और संकल्प

कार्यक्रम के अंत में गंगा आरती का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित लोगों ने दीप प्रज्वलित कर मां गंगा की आराधना की। आरती के माध्यम से गंगा की पवित्रता एवं स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया गया।सभी प्रतिभागियों ने यह संकल्प लिया कि वे गंगा को स्वच्छ रखने, प्लास्टिक का उपयोग कम करने एवं पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाएंगे। इस आयोजन ने स्थानीय नागरिकों के बीच गंगा की महत्ता एवं स्वच्छता को लेकर जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## तारक मेहता का उल्टा चश्मा से पूरी तरह कटा दिशा वकानी का पत्ता, जेठालाल को मिली नई दया बेन, शूटिंग शुरू




कुछ समय पहले निर्माता असित मोदी ने पुष्टि की थी कि दिशा शो में वापस नहीं आएंगी, जिसका मतलब था कि निर्माताओं को उनका रिप्लेसमेंट ढूंढना होगा। अब खबर है कि मेकर्स को नई दया बेन मिल चुकी है।दिशा वकानी कई फिल्मों और टीवी शो का हिस्सा रही हैं, लेकिन उनका सबसे मशहूर किरदार तारक मेहता का उल्टा चश्मा की दया बेन का रहा है। उन्होंने 2017 में शो छोड़ दिया था। इसके बाद कई बार उनकी वापसी की खबरें आईं, लेकिन हर बार वह महज अफवाह साबित हुईं। अब शो में दया बेन की वापसी की खबरें फिर सामने आई हैं, लेकिन दिशा वकानी के रूप में नहीं, बल्कि नए कलाकार की कास्टिंग की खबरें सामने आई हैं। अब कथित तौर पर निर्माताओं ने दिशा का रिप्लेसमेंट ढूंढ लिया है।

### एक अभिनेत्री को किया गया फाइनल

इससे पहले शो के निर्माता असित मोदी ने पुष्टि की थी कि दिशा शो में वापस नहीं आएंगी, जिसका मतलब था कि निर्माताओं को उनका रिप्लेसमेंट ढूंढना होगा। रिपोर्ट के अनुसार, शो के निर्माता असित मोदी दया बेन की भूमिका के लिए ऑडिशन ले रहे थे और आखिरकार उन्होंने किसी को शॉर्टलिस्ट कर लिया है। एक सूत्र ने बताया है कि हां, यह सही है। असित नई दया बेन की तलाश में थे और हाल ही में एक ऑडिशन ने उन्हें काफी प्रभावित किया। अभिनेत्री के साथ मॉक शूट चल रहे हैं। वह हमारे साथ शूटिंग करते हुए यहां करीब एक सप्ताह से हैं।

### 2017 में शो में आखिरी बार नजर आई थीं दिशा

दिशा की शादी नवंबर 2015 में हुई थी और 2017 में वह गर्भवती हो गईं। वह मातृत्व अवकाश पर चली गईं और फिर कभी शो में वापस नहीं आईं। बीच में चर्चा थी कि वह वापसी कर सकती हैं, लेकिन 2022 में उन्हें अपने दूसरे बच्चे का आशीर्वाद मिला। अभिनेत्री ने कथित तौर पर अभिनय छोड़ने का फैसला किया है।


### दिशा के साथ असित का परिवार जैसा रिश्ता

इस साल की शुरुआत में असित मोदी ने कहा था, मेरा मानना है कि दिशा वकानी वापस नहीं आ सकतीं। उनके दो बच्चे हैं। वह मेरी बहन की तरह हैं। आज भी उनके परिवार से हमारा बहुत करीबी रिश्ता है। मेरी बहन दिशा वकानी ने मुझे राखी बांधी है। उनके पिता और भाई भी मेरे लिए एक परिवार हैं। आपने 17 साल तक साथ काम किया और यह आपका विस्तारित परिवार बन गया।

## तमन्ना भाटिया से ब्रेकअप के बाद विजय वर्मा ने रिलेशनशिप में खुशी के बारे में की बात

**अभिनेता** विजय वर्मा ने तमन्ना भाटिया से ब्रेकअप के बाद रिश्ते के हर पहलू को अपनाने के महत्व पर जोर दिया है। हाल ही में मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम में, एक्टर ने रिश्तों पर एक ताजा और हल्का-फुल्का नजरिया साझा किया, जिसमें जीवन की चुनौतियों के बावजूद खुशी बनाए रखने के बारे में बहुमूल्य जानकारी दी गई।

रिश्तों के नेचर के बारे में पूछे जाने पर, उन्हें अलग-अलग स्वाद वाली - मीठी, नमकीन - आइसक्रीम से तुलना करते हुए विजय ने सलाह दी कि जो भी आपके सामने आए उसे स्वीकार करना और उसका आनंद लेना बेहतर है, हर पल का भरपूर आनंद लेना। विजय वर्मा ने कहा, रिश्तों के बारे में, आप सही कह रहे हैं। मुझे लगता है कि अगर आप आइसक्रीम की तरह रिश्ते का आनंद लेते हैं, तो आप बहुत खुश रहेंगे। इसका




मतलब है कि जो भी स्वाद आए उसे गले लगाओ और उसके साथ चलो। इस महीने की शुरुआत में, खबर आई कि तमन्ना और विजय ने अपने दो साल के रिश्ते को खत्म कर दिया है।

हालांकि दोनों में से किसी ने भी अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर आधिकारिक तौर पर ब्रेकअप के बारे में बात नहीं की है, लेकिन अफवाहें फैल रही हैं, जो बताती हैं कि इस जोड़े ने इसे खत्म कर दिया है। एक सूत्र ने बताया, तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा एक जोड़े के रूप में कुछ सप्ताह पहले अलग हो गए, लेकिन वे अच्छे दोस्त बने रहने की योजना बना रहे हैं। दोनों अपने-अपने शेड्यूल में कड़ी मेहनत कर रहे हैं। विजय और तमन्ना ने डेटिंग की अफवाहों को हवा दी जब उन्हें पहली बार 2023 में नए साल की पार्टी में एक साथ देखा गया था। जैसे-जैसे यह जोड़ा एक साथ सार्वजनिक रूप से सामने आया, अटकलें बढ़ती गईं और आखिरकार उन्होंने लस्ट स्टोरीज 2 के प्रचार के दौरान अपने रिश्ते की पुष्टि की। तब से, उन्हें अक्सर इवेंट्स, मूवी स्क्रीनिंग, डेट नाइट्स और विभिन्न सामाजिक समारोहों में एक साथ देखा जाता है।

साल 2024 में तमन्ना ने अपने रिश्ते को सार्वजनिक किया जब उन्होंने विजय को अपना हैप्पी प्लेस बताया। इसके तुरंत बाद, विजय ने भी कई इंटरव्यू में तमन्ना के लिए अपने प्यार का इजहार किया। दोनों ने पहली बार नेटफ्लिक्स एंथोलॉजी लस्ट स्टोरीज 2 में स्क्रीन शेयर की, जहां कथित तौर पर शूटिंग के दौरान वे करीब आ गए।

## फिल्म 'हीरामंडी' के बाद अदिति राव हैदरी को नहीं मिल रहा काम



अदिति राव हैदरी अब तक कई फिल्मों और वेब सीरीज में अपने शानदार अभिनय का परिचय दे चुकी हैं। पिछली बार वह संजय लीला भंसाली की वेब सीरीज 'हीरामंडी' में नजर आई थीं। इस सीरीज में न सिर्फ उनके अभिनय की जमकर तारीफ हुई, बल्कि उनकी 'गजगामिनी चाल' भी सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुई थी। उनकी खूबसूरती और अंदाज की तुलना मीना कुमारी से तक की जाने लगी थी। हालांकि, अदिति ने खुद खुलासा किया कि इस चर्चित परफॉर्मेंस का उनके करियर पर कोई खास फायदा नहीं हुआ। फराह खान के ब्लॉग में बातचीत के दौरान अदिति राव हैदरी ने 'हीरामंडी' के बाद अपने करियर को लेकर एक बड़ा खुलासा किया। फराह ने अदिति से कहा कि उन्होंने बताया था कि संजय लीला भंसाली की 'हीरामंडी' में काम करने के बाद उन्हें लगा कि वह अपने करियर में एक खास मुकाम पर पहुंच गई हैं। इस पर अदिति ने मजाकिया अंदाज में जवाब दिया, ₹कुछ भी नहीं! 'हीरामंडी' तो छोड़िए, सब्जी मंडी में भी नहीं। हीरामंडी के बाद जिस तरह लोगों ने मेरी तारीफ की और मुझे इतना प्यार मिला, लगा था कि अब तो ढेर सारे दिलचस्प प्रोजेक्ट्स मिलेंगे। लेकिन हुआ इसका ठीक उल्टा। मैं खुद हैरत में पड़ गई कि ये हो क्या रहा है? मेरे पास ऑफर क्यों नहीं आ रहे? सचमुच सूखा ही पड़ गया।₹इस पर फराह ने भी आश्चर्य जताया और मजाक में कहा, ₹और फिर तुमने शादी कर ली।₹ इस पर अदिति हंस पड़ीं और स्वीकार किया कि इसी फ्री टाइम में उन्होंने सिद्धार्थ से शादी कर ली।

दरअसल, अदिति राव हैदरी और सिद्धार्थ ने पिछले साल सितंबर में अपने करीबी दोस्तों और परिवार की मौजूदगी में शादी रचाई थी।अदिति राव हैदरी ने संजय लीला भंसाली की भव्य वेब सीरीज 'हीरामंडी' में बिब्बोजान का किरदार निभाया था। उनकी शानदार अदाकारी और खूबसूरत स्क्रीन प्रेजेंस ने दर्शकों का खूब ध्यान खींचा। इसके अलावा, उनके डांस नंबर 'सैयां हट्टो जाओ' ने भी सोशल मीडिया पर काफी धूम मचाई और खूब तारीफें बटोरीं। इस सीरीज में मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, ऋचा चड्ढा, शर्मीन सहगल, फरदीन खान और संजीदा शेख भी अहम भूमिकाओं में नजर आए, जिन्होंने अपने दमदार अभिनय से फिल्म को आकर्षक बना दिया।

## आलिया की सफलता से सारा को होती थी जलन




आलिया भट्ट इस वक्त इंडस्ट्री की टॉप हीरोइन हैं। एक्ट्रेस अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल अचीवमेंट्स की वजह से सुर्खियों में रहती हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में एक्ट्रेस सारा अली खान ने ये खुलासा किया कि उन्हें आलिया भट्ट से जलन होती थी। एक समय उन्हें आलिया के प्रोफेशनल और पर्सनल दोनों लाइफ से जलन होने लगी थी। वो कहती हैं कि उन्होंने एक्ट्रेस की लाइफ में आने वाली चुनौतियों पर सोचा ही नहीं। उन्हें सिर्फ उनकी सफलता दिख रही थी। सारा कहती हैं- जब आलिया को नेशनल अवॉर्ड मिला था। उस वक्त मुझे लगा भगवान ये अवॉर्ड जीत गई। उनके पास एक बच्चा भी है। उनकी जिंदगी तो सेट है। लेकिन मुझे नहीं पता कि उन्हें यह सब पाने के लिए क्या-क्या सहना पड़ा होगा। एक एक्टर के तौर पर मैंने उन्हें अमानवीय बना दिया। सारा अपनी बात में आगे कहती हैं, हर सिक्के के दो पहलू होते हैं। किसी से जलन महसूस करने से पहले उस इंसान की पूरी कहानी जाननी होती है। अक्सर हम बिना किसी की मेहनत जाने उससे जलन लगते हैं। हमें बस दूसरों की सफलता दिखती है। उन्होंने कहा, हम नहीं देख पाते कि इसके पीछे क्या चल रहा है। जलन का मतलब है अंधापन। बता दें कि आलिया भट्ट को साल 2022 में उनकी फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का नेशनल अवॉर्ड मिला था। उसी साल अप्रैल में उन्होंने एक्टर रणबीर कपूर से शादी की थी। 2022 के नवंबर में दोनों राहा के पेरेंट्स बने। वहीं, सारा अली खान की बात करें तो उन्होंने साल 2018 में फिल्म केदारनाथ से अपने करियर की शुरुआत की थी। सारा की स्काई फोर्स इसी साल रिलीज हुई थी, जिसे दर्शकों का अच्छा रिस्पांस मिला था।

## हनी सिंह ने नोरा फतेही के हिंदी प्रेम की सराहना की

### पायल गाना उन्हें किया समर्पित




**ग्लोबल** सेंसेशन नोरा फतेही ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि वह मनोरंजन इंडस्ट्री पर क्यों राज कर रही हैं। बहुमुखी प्रतिभाशाली इस कलाकार को हाल ही में मशहूर सिंगर, म्यूजिक कंपोज़र और रैपर यो यो हनी सिंह ने उन्हें एक खास ट्रिब्यूट दिया और अपना लेटेस्ट हिट 'पायल' उन्हें समर्पित कर दिया, जिसे वीडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म्स पर 200 मिलियन से अधिक बार देखा जा चुका है। हाल ही में अपने मिलियनेयर इंडिया टूर कॉन्सर्ट के दौरान, हनी सिंह ने नोरा फतेही की तारीफ करते हुए उन्हें खास सम्मान दिया और उन्हें दिल से धन्यवाद दिया। उन्होंने नोरा के भारत और हिंदी भाषा के प्रति प्रेम की सराहना करते हुए कहा, द्धइस लड़की को हिंदी में बात करना बहुत पसंद है। वह भारतीय नहीं है, वह मोरक्कन है, लेकिन फिर भी उसे हिंदी बोलना बहुत पसंद है, उन्हें भारत से बहुत प्यार है। यही कारण है कि आप सभी उन्हें इतना सपोर्ट करते हैं। मुझे उनमें एक बेहतरीन दोस्त और शानदार को-आर्टिस्ट मिली है। कृपया ज़ोरदार तालियां बजाइए नोरा फतेही के लिए—यह गाना उनके नाम है, चलिए 'पायल' करते हैं! जैसे ही हनी सिंह ने नोरा का नाम लिया, पूरा स्टेडियम तालियों और उत्साह से गूंज उठा, जिससे यह साबित हो गया कि नोरा सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि दुनियाभर में लाखों दिलों पर राज कर रही हैं। अपने मनमोहक डांस मूव्स और दमदार स्क्रीन प्रेजेंस के लिए मशहूर नोरा फतेही ने भारतीय सिनेमा में डांस में क्रांति ला दी है। पायल गाने में उनकी दमदार परफॉर्मेंस ने तुरंत सनसनी मचा दी, उनके सिग्नेचर हुक स्टेप वायरल हो गए और सोशल मीडिया पर ट्रेंड करते रहे। प्रशंसकों ने इस पहचान का जश्न मनाया और कहा कि यह उनकी योग्यता है। जैसे-जैसे वह आगे बढ़ रही हैं, नोरा फतेही न केवल अपने डांस से बल्कि अपने अभिनय से भी धूम मचा रही हैं, जिसमें बी हैप्पी उनकी प्रतिभा का एक शानदार उदाहरण है। इसके बाद, वह कंचना 4 में दिखाई देंगी और वर्तमान में रॉयल्स के लिए डबिंग कर रही हैं, जिससे स्क्रीन पर उनकी बहुमुखी प्रतिभा और निखरकर सामने आ रही है।



## कांतारा चैप्टर 1 में शामिल होने की खबरों पर मोहनलाल ने तोड़ी चुप्पी

मोहनलाल इन दिनों एल2- एम्पुरान को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। मलयालम सिनेमा के सुपरस्टार लगातार फिल्म के प्रचार में व्यस्त हैं। इसके साथ ही पिछले कुछ समय से ऐसी चर्चाएं चल रही हैं कि मोहनलाल कंतारा के चैप्टर 1 में नजर आएंगे। इस पर चुप्पी तोड़ते हुए हाल ही में अभिनेता ने होम्बेल फिल्म्स की आगामी फिल्म कांतारा - चैप्टर 1 में अभिनय करने की अपनी इच्छा साझा की है। हाल ही में एक साक्षात्कार के दौरान अभिनेता से पूछा गया कि क्या वह कांतारा के सीक्वल का हिस्सा हैं? इस पर मोहनलाल ने स्पष्ट किया कि वह अभी तक फिल्म में शामिल नहीं हैं। हालांकि, उन्होंने सार्वजनिक रूप से अपना उत्साह व्यक्त किया, विनम्रतापूर्वक फिल्म निर्माताओं से अनुरोध किया कि वे उन्हें फ्रेंचाइजी में संभावित भूमिका के लिए उनपर विचार कर सकते हैं।

## ला लीगाः बार्सिलोना ने गिरोना को 4-1 से हराया, रियल मैड्रिड को हटाकर शीर्ष पर पहुंचा

एजेंसी

**बार्सिलोना।** रॉबर्ट लेवांडोव्स्की ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो गोल दागे, जिससे बार्सिलोना ने गिरोना को 4-1 से हरा दिया। इस जीत के साथ ही बार्सिलोना ला लीगा की तालिका में रियल मैड्रिड को हटाकर शीर्ष पर पहुंच गया और तीन अंकों की बढ़त बना ली।

रविवार को हुए इस मुकाबले में रियल मैड्रिड ने लेगानेस को हराकर बार्सिलोना की बराबरी कर ली थी, लेकिन हैंसी फ्लिक की टीम ने ओलंपिक स्टेडियम में फिर से बढ़त हासिल कर ली।

लेवांडोव्स्की ने मैड्रिड के स्टार किलियन एम्बाप्पे के दो गोलों का जवाब अपने दो गोल से दिया और स्पेनिश गोल्डन बूट की दौड़ में तीन गोल की बढ़त बनाए रखी।

बार्सिलोना, जो इस साल 20 मैचों से अजेय है, ने पहला गोल पहले हाफ के अंत में लाडिस्लाव क्रेजी के आत्मघाती गोल से किया। गिरोना ने अर्नात डांजुमा के जरिए बराबरी की, लेकिन उसके बाद लेवांडोव्स्की के दो गोल और फेरान टोरेस के एक गोल ने टीम की जीत सुनिश्चित कर दी।

पिछले सीजन बार्सिलोना को दो बार हराने वाली गिरोना इस बार वैसा प्रदर्शन दोहराने में नाकाम रही और अंक तालिका में 13वें स्थान पर खिसक गई।

फ्लिक ने कोपा डेल रे सेमीफाइनल में एटलेटिको मैड्रिड के खिलाफ होने वाले मुकाबले को ध्यान में रखते हुए कुछ प्रमुख खिलाड़ियों को रोटेट किया।

पहले हाफ में बार्सिलोना ने दबदबा बनाए रखा, लेकिन उनकी आक्रमण शैली उतनी प्रभावी नहीं थी। फिरमिन लोपेज की सक्रियता और लमिन यामल की तेज रफ्तार से टीम ने कुछ मौकों पर गिरोना की रक्षा पंक्ति को चुनौती दी।



गिरोना के लिए पहला अच्छा मौका विक्टर सिगानकोव ने बनाया, लेकिन उनका शॉट ऊपर चला गया। पाउलो गजानिगा ने लोपेज और यामल के प्रयासों को शानदार तरीके से रोक लिया।

बार्सिलोना ने पेनल्टी की मांग की जब फिरमिन को यासर अस्प्रिला ने बॉक्स के किनारे गिराया, लेकिन रेफरी ने फ्री-किक दिया। वीएआर जांच में पता चला कि संपर्क बॉक्स के अंदर था, लेकिन रेफरी ने फैसला दिया कि लोपेज ने अस्प्रिला को पहले ही फाउल किया था। बार्सिलोना को ब्रेक से पहले बढ़त मिली जब यामल की फ्री-किक को एरिक गार्सिया के लिए लक्षित किया गया था, लेकिन गेंद क्रेजी के पैर से डिफ्लेक्ट होकर नेट में चली गई। दूसरे हाफ के आठवें मिनट में डांजुमा ने डेली ब्लाइंड के पास पर शानदार फिनिश करते हुए स्कोर 1-1 कर दिया। हालांकि, बार्सिलोना ने तेजी से वापसी की। फिरमिन लोपेज के क्रॉस को लेवांडोव्स्की ने अपने शरीर को मोड़ते हुए गजानिगा के पैरों के बीच से गोल में डाल दिया। इसके बाद, फ्रेंकी डी जोंग के पास पर लेवांडोव्स्की ने अपना दूसरा और टीम का तीसरा गोल किया। आखिरी पलों में गेरार्ड मार्टिन के पास पर फेरान टोरेस ने स्कोर 4-1 कर दिया, जबकि यामल का एक शानदार शॉट क्रॉसबार से टकरा गया। यह इस सीजन का 20वां मौका था जब फ्लिक की टीम ने 45 मैचों में चार या उससे अधिक गोल किए हैं, और अब वे संभावित तिहरे खिताब (ट्रेबल) की ओर बढ़ रहे हैं।

## आईपीएल 2025 : पर्पल कैप और ऑरेंज कैप तालिका में बड़ा उलटफेर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 (आईपीएल 2025) में रविवार को हुए दोहरे मुकाबलों के बाद पर्पल कैप और ऑरेंज कैप तालिका में बड़े बदलाव देखने को मिले। पहले मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) ने सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) को हराया, जबकि दूसरे मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) ने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को शिकस्त दी। इसके बाद पर्पल कैप की दौड़ में नया नंबर 2 और 3 खिलाड़ी सामने आया।

**पर्पल कैप तालिका**

1. नूर अहमद (सीएसके) झ 9 विकेट (11 मैच)

चेन्नई सुपर किंग्स के फिरकी गेंदबाज नूर अहमद ने 9 विकेट लेकर पर्पल कैप की दौड़ में अपनी शीर्ष स्थिति बनाए रखी है। राजस्थान के खिलाफ चेन्नई की हार के बावजूद उन्होंने 2 विकेट (28 रन देकर) झटके और संजू सैमसन व ध्रुव जुरेल को आउट किया। बेंगलुरु के खिलाफ उन्होंने फिल सॉल्ट (32 रन) और विराट कोहली (31 रन) को पवेलियन भेजा, साथ ही लियाम लिविंगस्टोन का भी विकेट लिया। सत्र के पहले मुकाबले में मुंबई के खिलाफ उन्होंने 4 विकेट लेकर मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीता था।



**2. मिशेल स्टार्क (डीसी) – 8 विकेट**

दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने हैदराबाद के खिलाफ करियर की सर्वश्रेष्ठ टी20 गेंदबाजी की और 5 विकेट (35 रन देकर) चटकाए। उन्होंने शुरूआती छह ओवर में ट्रैविस हेड, ईशान किशन और नितीश कुमार रेड्डी को आउट किया। फिर 18वें ओवर में हर्षल पटेल और वियान मुल्डर को भी पवेलियन भेजा। इससे पहले, लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ उन्होंने 3 विकेट (42 रन देकर) लिए थे। अब उनके खाते में 8 विकेट हैं और वह दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं।

**3. खलील अहमद (सीएसके) – 6 विकेट**

चेन्नई के तेज गेंदबाज खलील अहमद ने राजस्थान के खिलाफ 2 विकेट (38 रन देकर) लेकर शीर्ष 3 में प्रवेश कर लिया। उन्होंने यशस्वी जायसवाल (4 रन) और जोफ्रा आर्चर (0 रन) को आउट किया। मुंबई के खिलाफ पहले मैच में उन्होंने 3 विकेट (29 रन देकर) और बेंगलुरु के खिलाफ 1 विकेट (28 रन देकर) लिया था।

**ऑरेंज कैप तालिका**

**1. निकोलस पूरन (लखनऊ) –145 रन**

निकोलस पूरन ने अब तक सत्र में सबसे ज्यादा रन बनाए हैं। दिल्ली के खिलाफ उन्होंने 30 गेंदों पर 75 रन और हैदराबाद के खिलाफ 26 गेंदों पर 70 रन की विस्फोटक पारी खेली। वह 13 छक्कों के साथ सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज भी हैं और उनका स्ट्राइक रेट 258.92 है, जो लीग में सबसे अधिक है।

**2. बी साई सुदर्शन (जीटी) – 137 रन**

गुजरात टाइटंस के बल्लेबाज बी साई सुदर्शन 137 रन बनाकर दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। पंजाब के खिलाफ उन्होंने 74 रन और मुंबई के खिलाफ 63 रन बनाए। उन्होंने दोनों पारियों में 41-41 गेंदों का सामना किया और 167.07 की स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की।

**3. ट्रैविस हेड (एसआरएच) – 136 रन**

हैदराबाद के विस्फोटक बल्लेबाज ट्रैविस हेड ने दिल्ली के खिलाफ 12 गेंदों पर 22 रन बनाए, जिससे उनकी रनसंख्या 136 हो गई। इससे पहले उन्होंने राजस्थान के खिलाफ 67 और लखनऊ के खिलाफ 47 रन बनाए थे। हालांकि, दिल्ली के खिलाफ मिशेल स्टार्क ने उन्हें जल्दी आउट कर दिया।

आईपीएल 2025 में अब तक के आंकड़ों के अनुसार, पर्पल कैप और ऑरेंज कैप की दौड़ काफी रोमांचक हो गई है। आने वाले मुकाबलों में और बदलाव देखने को मिल सकते हैं।

# देशभर की प्रमुख मस्जिदों में ईद-उल-फितर की नमाज अदा, अमन और शांति की दुआ की गई

एजेंसी



**नई दिल्ली।** देशभर में आज ईद का त्योहार परंपरागत तरीके से धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। लोग एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद दे रहे हैं। ईद-उल-फितर के मौके पर सुबह प्रमुख मस्जिदों में नमाज अदा कर मुल्क में अमन और शांति के लिए दुआ मांगी गई। राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली की जामा मस्जिद, फतेहपुरी मस्जिद, भोपाल की ईदगाह मस्जिद, पटना के गांधी मैदान, हैदराबाद, लखनऊ, बेंगलुरु, मुंबई और अन्य शहरों और कस्बों में लोगों ने सुबह ईद की नमाज अदा की।

उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद और नोएडा में लगभग सभी मस्जिदों के बाहर पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। हरियाणा गुरुग्राम जिले में भी ईद का त्योहार परंपरागत तरीके से मनाया जा रहा है। दिल्ली की जामा मस्जिद में सुबह 6:45 बजे और फतेहपुरी मस्जिद में 7:30 बजे नमाज अदा की गई। इस दौरान बाबरी मस्जिद-राम जन्मभूमि मामले में पूर्व वादी इकबाल अंसारी ने अयोध्या में कहा कि आज का दिन ईद का है। और इसे ईद मिलन कहा जाता है। ईद के त्योहार की हिंदू और मुसलमान दोनों ही एक साथ खुशियां मानते हैं। आज का दिन सभी के लिए शुभ है। हिंदुओं के लिए भी क्योंकि नवरात्रि भी चल रही है। कहीं कोई भेदभाव नहीं है। दिल्ली की फतेहपुरी मस्जिद के इमाम मुफ्ती मुकर्रम अहमद ने कल देरशाम अलग-अलग जगहों पर ईद का चांद दिखने का एलान किया था। उन्होंने घोषणा की थी कि रमजान महीने की समाप्ति के साथ सोमवार को देशभर में ईद-उल-फितर का त्योहार मनाया जाएगा।

## राष्ट्रपति मुर्मु ने लोगों को ईद-उल-फितर की बधाई दी



नई दिल्ली। देशभर में आज ईद का त्योहार परंपरागत तरीके से धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। देश की प्रमुख मस्जिदों में ईद –उल–फितर की नमाज अदा कर देश में अमन और शांति के लिए दुआ मांगी गई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने लोगों को ईद–उल–फितर की बधाई दी है। राष्ट्रपति मुर्मु ने आज सुबह एक्स पर प्रेषित संदेश में लिखा, "ईद–उल–फितर के मुबारक मौके पर सभी देशवासियों, विशेष रूप से मुस्लिम भाइयों और बहनों को बधाई। यह त्योहार भाईचारे की भावना को मजबूत बनाता है तथा करुणा–भाव और दान की प्रवृत्ति को अपनाने का संदेश देता है। मैं कामना करती हूं कि यह पर्व सभी के जीवन में शांति, समृद्धि और खुशियां लेकर आए तथा सबके दिलों में नेकी के रास्ते पर आगे बढ़ने के जज्बे को मजबूत बनाए।"

## प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों को ईद-उल-फितर की बधाई दी



**नई दिल्ली।** देशभर में आज ईद का त्योहार परंपरागत तरीके से धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। देश की प्रमुख मस्जिदों में ईद - उल-फितर की नमाज अदा कर देश में अमन और शांति के लिए दुआ मांगी गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों को ईद-उल-फितर की बधाई दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज सुबह एक्स पर प्रेषित संदेश में लिखा, " ईद-उल-फितर की बधाई। यह त्योहार हमारे समाज में आशा, सद्भाव और दयालुता की भावना को बढ़ाए। आपके सभी प्रयासों में खुशी और सफलता मिले। ईद मुबारक !"

# कठुआ-सांबा क्षेत्र में आतंकियों की मौजूदगी की संभावना के चलते सुरक्षाबलों ने अपने प्रयास किए तेज

एजेंसी



**कठुआ।** कठुआ-सांबा क्षेत्र में आतंकियों की मौजूदगी की संभावना के चलते सुरक्षाबलों ने सोमवार को अपने प्रयास तेज कर दिए हैं। उन्होंने इलाके की तलाशी के लिए अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास सांबा सेक्टर में तलाशी अभियान शुरू किया है।

सूफियान में मुठभेड़ के बाद आतंकवादियों को पकड़ने के लिए कठुआ में तलाशी अभियान अभी भी जारी है। संभावित खतरों का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान जारी रहने के कारण अधिकारियों ने पूरे क्षेत्र को हाई अलर्ट पर रखा है।

उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों सूफियाना में हुई मुठभेड़ में चार पुलिसकर्मी वीरगति को प्राप्त हो गए थे जबकि दो आतंकवादी मारे गए थे।

# मॉस्को में विस्फोट के बाद राष्ट्रपति पुतिन की बंकरनुमा कार लिमोजिन में आग लगी

एजेंसी

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की ऑरस सीनेट लिमोजिन कार में संघीय सुरक्षा सेवा (एफएसबी) मुख्यालय के पास विस्फोट के बाद आग लग गई। 275,000 पाउंड की यह गाड़ी आग की लपटों में घिर गई। आसपास के लोगों ने आपातकालीन सेवाओं के पहुंचने से पहले आग बुझाने का प्रयास किया ब्रिटेन के न्यूज चैनल जीबीएन ने 29 मार्च को प्रसारित खबर में यह जानकारी दी गई है। माना जा रहा है कि आग कार के इंजन में लगी। इसके तुरंत बाद उसके इंटीरियर में आग फैल गई। सड़क पर धुआं फैला तब आसपास के रेस्तरां के कर्मचारी मदद के लिए पहुंचे। सामने आए एक वीडियो फुटेज में कार का पिछला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। यह पता नहीं चल पाया है कि विस्फोट किस वजह से हुआ। बताया जा रहा है कि यह कार क्रेमलिन के प्रेसिडेंशियल प्रॉपर्टी मैनेजमेंट डिपार्टमेंट की है। उल्लेखनीय है कि ऑरस लिमोजिन कार को खासतौर से पुतिन के लिए बनाया गया है। इसका डिजाइन रूस की कंपनी एनएएमआई ने तैयार किया है। इस मॉडल को रूस की सेंट्रल साइंटिफिक रिसर्च ऑटोमोबाइल और ऑटोमोटिव इंजन इंस्टीट्यूट ने मिलकर विकसित किया है। यह कार 6,700 मि.मी. (6.70 मीटर) लंबी है और इसका वजन 2,700 किलोग्राम है। कार पूरी तरह बुलेट प्रूफ है और इस पर गोलियों या बम का जरा भी असर नहीं पड़ता। चाहे गाड़ी पर बम फेंके या जमीन में रखकर विस्फोट किया जाए, यह कार नीचे से ऊपर तक पूरी तरह सेफ है।

# शिमला में नाबालिग लड़की से दुष्कर्म, मामला दर्ज

**शिमला ।** राजधानी शिमला के न्यू–शिमला थाना क्षेत्र में एक 14 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी को गिरफ्तार करने की कार्रवाई की जा रही है। पीड़िता की मां ने न्यू–शिमला थाना में शिकायत दी है कि सोलन जिला के कंडाघाट निवासी नितिन (26) उनकी 14 वर्षीय बेटी को बहला–फुसलाकर एक होटल में ले गया और वहां उसकी सहमति के बिना उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता की मां ने अपनी शिकायत में बताया कि उनकी बेटी कुछ दिनों से गुमसुम और परेशान लग रही थी। जब उन्होंने उससे पूछताछ की तो उसने आपबीती सुनाई। बेटी ने बताया कि नितिन ने उसे मीठी–मीठी बातों में फंसाया और घूमने फिरने के बहाने होटल ले गया। होटल में उसने उसके साथ जबरदस्ती की। इस गंभीर शिकायत के आधार पर न्यू–शिमला पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 64, 65 (1)बी (बलात्कार) और पॉक्सो एक्ट की धारा 4 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को बताया मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत जांच शुरू कर दी और आरोपी नितिन को गिरफ्तार करने के लिए दबिश दी जा रही है।

## छेड़खानी के आरोपी ने थाने के शौचालय में फांसी लगाकर दी जान, परिजनों ने हत्या का लगाया आरोप

**आजमगढ़।** जिले के तरवां थाने के शौचालय में छेड़खानी के एक आरोपी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आरोपी द्वारा थाने के शौचालय में आत्महत्या की जानकारी के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। यही नहीं इस घटना ने पुलिस कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। वही परिजनों व ग्रामीणों ने हत्या आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार उमरी गांव निवासी शनि कुमार के खिलाफ छेड़खानी करने के आरोप में एफआईआर दर्ज हुई थी । पुलिस उसे रविवार को गिरफ्तार कर थाने में लाई थी। आरोपी ने देर रात थाने पर मौजूद पुलिस कर्मी से शौच करने के लिए कहा। पुलिसकर्मी ने उसे शौचलय में जाने की इजाजत दी। वह शौच के लिए अंदर गया लेकिन बाहर नहीं आया। काफी देर तक वह बाहर नहीं आया तो पुलिस ने दरवाजा खटखटाया लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने शौचालय का दरवाजा खोला तो अंदर का दृश्य देखकर पुलिस के हांथ पांव फूल गए। इसकी सूचना अधिकारियों को दी गई। और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज गया। इस घटना के बाद मृतक के परिजनों और ग्रामीणों ने पुलिस पर हत्या का आरोप लगाते हुए सोमवार को थाने पर प्रदर्शन और दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्वाई की मांग कर रहे है। आला अधिकारी मौके पर परिजनों व ग्रामीणों को समझने–बुझाने का प्रयास कर रहे है।

# ट्रंप के दो अप्रैल के मुक्ति दिवस पर दुनिया की नजर, चीन ने नहीं बेचा टिक टॉक तो लगाएंगे 60 प्रतिशत टैरिफ

एजेंसी



**हांगकांग।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दो अप्रैल के 'मुक्ति दिवस' पर सारी दुनिया की नजर है। वह दो अप्रैल को अपनी मुक्ति दिवस (योजना) घोषणा के अंतर्गत नए टैरिफ की शुरूआत करेंगे। इस योजना में सेमीकंडक्टर, माइक्रो चिप्स, फार्मास्यूटिकल्स और विदेशी वाहनों पर 25 प्रतिशत टैरिफ शामिल हैं। वह चीन के खिलाफ सबसे अधिक टैरिफ 60 प्रतिशत तक की घोषणा कर सकते हैं। इस बात की प्रबल संभावना है कि इससे बीजिंग के साथ वाशिंगटन के बीचा व्यापार युद्ध तेज हो जाएगा। सीएनएन न्यूज चैनल की खबर के अनुसार, ट्रंप के मुक्त दिवस ने चीन को उलझन में डाल दिया है। ट्रंप ने अपने इस अभियान के दौरान चीन को अमेरिका में आने वाले सभी चीनी सामानों पर 60 प्रतिशत से अधिक शुल्क (टैरिफ) लगाने की धमकी दी है। संभावना है वह इसकी घोषणा बुधवार को कर सकते हैं। ट्रंप ने रविवार को एयर फोर्स वन में बातचीत के दौरान सुझाव दिया कि वह चीन के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म टिक टॉक की बिक्री पर व्यापक सौदेबाजी के हिस्से के रूप में टैरिफ को कम कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि अगर यह सौदेबाजी पूरी नहीं होती तो वह टैरिफ की घोषणा करेंगे। हालांकि उन्होंने चीन के नेता शी जिनपिंग के साथ बेहतरीन रिश्ते का दावा किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा, "शायद मैं इसे पूरा करने के लिए टैरिफ में थोड़ी कमी कर दूं या कुछ और करूं।" इसका मतलब है कि ट्रंप टिक टॉप डील को फाइनल करने के लिए चीन को कुछ फायदा दे सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अगर यह समय पर नहीं हुआ तो वह समय सीमा को पांच अप्रैल से आगे बढ़ा देंगे। ट्रंप ने कहा, "चीन को इसमें एक भूमिका निभानी होगी, संभवतः मंजूरी के रूप में और मुझे लगता है कि वे ऐसा करेंगे।"

उल्लेखनीय है कि टिक टॉक की मुश्किलें अमेरिका में तब शुरू हुईं, जब एक अमेरिकी कानून में कहा गया कि इस ऐप को अपनी चीनी पैरेंट कंपनी बाइटडांस से अलग होना होगा। ऐसा इसलिए है क्योंकि अमेरिका को डर है कि चीन इस प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल अमेरिकियों पर नजर रखने या उन्हें प्रभावित करने के लिए कर सकता है। यह कानून 19 जनवरी को लागू हुआ था। ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में टिक टॉक के अमेरिकी कामकाज पर रोक लगाने की कोशिश की थी। उन्होंने कहा था कि इससे राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा है।


इस साल जनवरी में टिक टॉक ने कुछ समय के लिए अमेरिका में काम करना बंद करते हुए इसे ऐप स्टोर्स से इसे हटा दिया गया था। इससे लाखों यूजर्स प्रभावित हुए। 20 जनवरी को अपना दूसरा कार्यकाल शुरू करने के बाद ट्रंप ने चीन के साथ समाधान खोजने के लिए प्रतिबंध को 75 दिनों के लिए रोक दिया। फरवरी में टिक टॉक ने अमेरिका में अपनी सेवाएं फिर से शुरू कर दीं और एप्पल और गूगल के प्लेटफॉर्म पर वापस आ गया।

हाल ही में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) परप्लेक्सिटी ने इसे खरीदने में दिलचस्पी दिखाई है। इस अमेरिकी कंपनी ने एक ब्लॉग पोस्ट में कहा कि वह अपनी एआई सर्च टेक्नोलॉजी को टिक टॉक के वीडियो शेयरिंग प्लेटफॉर्म के साथ जोड़ना चाहती है। परप्लेक्सिटी का मुख्यालय सैन फ्रांसिस्को में है। अमेरिकी कंपनी ने कहा, "परप्लेक्सिटी के आंसर इंजन को टिक टॉक की विशाल वीडियो लाइब्रेरी के साथ मिलाकर हम दुनिया का सबसे अच्छा सर्च एक्सपीरियंस बना सकते हैं।" परप्लेक्सिटी की स्थापना 2022 में अरविंद श्रीनिवास, डेनिस यारात्स, जॉनी हो और एंडी कोनविंस्की ने की थी। इसने सात दिसंबर, 2022 को अपना प्रमुख सर्च इंजन लॉन्च किया था।

टिक-टॉक की अनुमानित कीमत एल्गोरिदम के साथ 100-200 अरब डॉलर (लगभग 8,600-17,000 अरब रुपये) बताई जा रही है। बिना एल्गोरिदम के यह 40-50 अरब डॉलर (लगभग 3,400-4,300 अरब रुपये) हो सकती है। एल्गोरिदम टिक-टॉक का मुख्य आधार है। इसे बेचने की मंजूरी देने की संभावना से चीन की सरकार पहले ही नकार चुकी है। इससे पहले अमेरिका के अरबपति फ्रैंक मैककोर्ट इसे खरीदने का प्रस्ताव कर चुके हैं।

# पर्यटकों से गुलजार हुआ हिमाचल, होटलों में बढ़ी बुकिंग

एजेंसी



**शिमला।** गर्मी की शुरूआत होते ही हिमाचल प्रदेश में सैलानियों की भीड़ उमड़ने लगी है। शिमला, मनाली, धर्मशाला, डलहौजी और कसौली जैसे प्रमुख पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों की आवाजाही बढ़ गई है। पिछले तीन-चार दिनों में खासतौर पर सप्ताहान्त पर हजारों पर्यटकों ने पहाड़ों की ठंडी वादियों का रुख किया, जिससे होटलों और गेस्ट हाउसों में बुकिंग में जबरदस्त उछाल देखा गया।

होटल व्यवसायियों के मुताबिक बीते सप्ताहांत पर मनाली में 2,700 से अधिक पर्यटक वाहन पहुंचे, जिससे होटलों की औसतन 60 प्रतिशत बुकिंग पूरी हो गई। इसी तरह शिमला और धर्मशाला में भी पर्यटकों की आवाजाही बढ़ी है। प्रदेश के विभिन्न पर्यटन स्थलों पर होटल, गेस्ट हाउस और रेस्टोरेंट में ऑक्युपेंसी 50 से 60 प्रतिशत तक पहुंच गई है तथा आने वाले दिनों में यह आंकड़ा और बढ़ सकता है। पर्यटन विकास निगम के अधिकारियों का कहना है कि गर्मी बढ़ने के साथ-साथ आगामी छुट्टियों के कारण होटलों में बुकिंग का ग्राफ ऊपर जाएगा।

शिमला के स्थानीय व्यवसायी और होटल संचालक बढ़ते पर्यटन को लेकर उत्साहित हैं। एक होटल संचालक ने बताया कि इस बार नवरात्र और गर्मी की छुट्टियों को देखते हुए अप्रैल और मई में बुकिंग पूरी तरह से फुल होने की उम्मीद है।

हालांकि पर्यटकों की भीड़ के चलते कई जगहों पर ट्रैफिक जाम और पार्किंग की समस्या भी सामने आई। मनाली और शिमला में वाहनों की लंबी कतारें देखी गईं।

होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष प्रिंस कुकरेजा ने बताया कि शिमला में पिछले वीकेंड के मुकाबले इस वीकेंड पर 10 फीसदी ज्यादा बुकिंग हुई है। होटलों में 50 फीसदी से ज्यादा कमरे बुक रहे। उन्होंने बताया कि दिल्ली-एनसीआर, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और गुजरात से बड़ी संख्या में पर्यटक हिमाचल पहुंच रहे हैं। ऑनलाइन बुकिंग में भी पिछले सप्ताह के मुकाबले वृद्धि दर्ज की गई है।

उनका भी कहना है कि इस बार गर्मियों में पर्यटन कारोबार काफी बेहतर रहेगा और जून-जुलाई में होटल की ऑक्युपेंसी 80 से 90 प्रतिशत तक पहुंचने की संभावना है। वहीं पर्यटन विभाग के अधिकारियों ने जानकारी दी कि इस साल अप्रैल से जून के बीच रिकॉर्ड संख्या में पर्यटकों के आने की संभावना है।

## न्यूज IN ब्रीफ

### मां ब्रह्मचारिणी के पूजन से जातक को रोगों से मिलती है मुक्ति



**महोबा।** चैत्र नवरात्रि के दूसरे दिन देवी मंदिर में भक्तों ने मां के द्वितीय स्वरूप ब्रह्मचारिणी की आराधना कर परिवार की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की। सुबह से ही माता रानी के दर्शन व पूजन को मंदिरों में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। जनपद मुख्यालय स्थित मां बड़ी चंद्रिका देवी मंदिर, मां छोटी चंद्रिका मन्दिर, शारदा देवी मंदिर, गायत्री शक्तिपीठ, विंध्यवासिनी माता मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। जनपद मुख्यालय के आलमपुरा निवासी पंडित सत्यव्रत चतुर्वेदी ने बताया कि मां दुर्गा की नवशक्तियों का दूसरा स्वरूप ब्रह्मचारिणी है जहां ब्रह्म शब्द का अर्थ तपस्या है अर्थात तप का आचरण करने वाली देवी ब्रह्मचारिणी है। सभी 12 राशियों के लिए शुभ फल देने वाली मां ब्रह्मचारिणी को सफेद रंग अत्यंत प्रिय है। इसलिए भक्त पूजा के समय गुलाबी या सफेद रंग के वस्त्र धारण कर मां का पूजन करें। मां ब्रह्मचारिणी की पूजा करने से जातक को आदि और व्याधि रोगों से मुक्ति मिलती है। साथ ही भगवती ब्रह्मचारी के पूजन से भगवान शिव भी प्रसन्न होते हैं।

### मायावती ने ईद पर देशवासियों को दी बधाई



**लखनऊ।** ईद के त्योहार पर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकमानाएं दी है। मायावती ने एक्स पोस्ट पर लिखा कि, समस्त देशवासियों व खासकर भारतीय मुसलमानों एवं उनके परिवार वालों को ईद-उल-फि त्र त्योहार की दिली मुबारकबाद। सभी के लिए बेहतर ज़िन्दगी की शुभकामनाएं, जिसकी गारण्टी बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के भारतीय संविधान में निहित। उन्होंने कहा कि सभी लोग पूरे आपसी मेलजोल, भाईचारा, सौहार्द, संयम व सहनशीलता की परम्परा को बनाए रखने में जरूर पूरा योगदान दें। ताकि देश में समतामूलक विकास संभव हो। सभी देशवासियों का जीवन खुश व खुशहाल 'अच्छे दिन' वाला हो सके और वे उसमें भागीदार बनकर उस पर गर्व कर सकें।

### पीएम की दूरदर्शिता और कार्यशक्ति के कई प्रत्यक्ष प्रमाण : राजेश केसरवानी



**इलाहाबाद।** नमामि गंगे के पर्यावरण में गंगा पखवाड़े के तहत संगम तट पर आयोजित कार्यक्रम में संयोजक राजेश शर्मा ने कहा कि कुछ लोग अच्छे हैं। लेकिन हमारे देश के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ऐसे नेता हैं जो केवल दूरदर्शिता से नहीं दिखते हैं, बल्कि को संभव कर असंभव को संभव कर दिखाते हैं। उनके दूरदर्शिता और कार्यशक्ति के कई प्रत्यक्ष प्रमाण हैं। उन्होंने कहा कि कैंच द रेन अभियान को एक स्टामॉल जन-आंदोलन का रूप दिया गया है। गंगा जल हमारी संस्कृति धरोहर है। इसे स्वच्छ एवं अविभाज्य बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। स्वच्छ गंगा कोष में आपका सहयोग न केवल नदी के पुनरुद्धार में सहायक है। बल्कि यह गंगा के प्रति आपकी आस्था और उपहार का प्रतीक भी है। प्रमुख संगठन नागरिक और अपनी पेंशन तक से योगदान लेकर इस पवित्र अभियान को बल दे रहे हैं। आप सभी को इस पुण्य कार्य में सहभागी स्टॉक मिलेगा। नमामि गंगे के अनीमिया में संगम तट पर संगीतकार शर्मा ग्लोबल ने श्रद्धा के साथ गंगा द्वारा स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। जिससे जल संरक्षण जनभागीदारी जन जागरूकता की त्रिवेणी से प्रेरित यह अभियान पूरे देश में जल संरक्षण की अलख जगा रहा है। श्री शर्मा ने पर्यावरण संरक्षण के लिए आये हुए दृश्य को बृहद का दर्जा देने की अपील की। जिससे गर्मी की धूप में इंसान और जंगल को पेड़ो की छाव नियति हो। बृहद अभिलेख से शुद्ध पर्यावरण एवं जल संरक्षण में सभी लोग धरती पर उपकार करें। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी नमामि गंगे विभाग, गंगा विचार मंच, मां गंगा सेवा समिति के सचिव रंजन शर्मा, अर्जुन शर्मा, मुकेश एवं नगर गंगा समिति सदस्य एवं राजस्थान के सैकड़ों लोग रहे।

### त्रिवेणी से प्रेरित अभियान देशभर में जगा रहा है जल संरक्षण की अलखः राजेश शर्मा

**प्रयागराज।** जल संचय जन भागीदारी जन जागरूकता की त्रिवेणी से प्रेरित यह अभियान देशभर में जल संरक्षण की अलख जगा रहा है। यह बात सोमवार को नमामि गंगे के तत्वावधान में गंगा पखवाड़ा के तहत प्रयागराज में संगम तट पर आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए नमामि गंगे संयोजक राजेश शर्मा ने कहा। उन्होंने कहा कि कुछ लोग अच्छा सोचते हैं,कुछ लोग अच्छा करते हैं,लेकिन हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऐसे नेता हैं जो न केवल दूरदृष्टि से सोचते हैं,बल्कि उसे धरातल पर उतार कर असंभव को संभव कर दिखाते हैं, उनकी दूरदर्शिता और कार्यशक्ति के कई प्रत्यक्ष प्रमाण है। कैंच द रैन अभियान एक सशक्त जन - आंदोलन का रूप ले चुका है,गंगा जल हमारी संस्कृति घरोवर है, इसे स्वच्छ और अविरल बनाए रखने की जिम्मेदारी सभी की है। स्वच्छ गंगा कोष में आपका सहयोग न केवल नदी के पुनरुद्धार में सहायक है,बल्कि यह गंगा के प्रति आपकी आस्था और समर्पण का प्रतीक भी है, प्रमुख संगठन और नागरिक अपनी पेंशन तक से योगदान देकर इस पवित्र अभियान को बल दे रहे हैं, जिसमे आप सभी इस पुण्य कार्य में सहभागी बनें,धारा अस्सीजी के तहत सौ प्रतिशत आयकर छूट का लाभ उठाएँ। नमामि गंगे के तत्वावधान में संगम तट पर संयोजक राजेश शर्मा के साथ पर्यटकों ने श्रद्धा के साथ गंगा स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया,जिससे जल संचय जन भागीदारी जन जागरूकता की त्रिवेणी से प्रेरित यह अभियान देशभर में जल संरक्षण की अलख जगा रहा है। श्री शर्मा ने पर्यावरण संरक्षण के लिए आये हुए पर्यटकों को बृहद वृक्षारोपण करने की अपील किया, जिससे गर्मी की धूप में इंसान और जानवरों को पेड़ो की छाव नसीब हो,बृहद वृक्षारोपण से शुद्ध वातावरण एवं जल संरक्षण में समस्त लोग धरती पर उपकार करे।

# धनबाद में ईद उल फितर की धूम लोगों ने मांगी अमन-चैन की दुआ

मेट्रो रेज संवाददाता

**धनबादः** इस्लामिक कैलेंडर के अनुसार रमजान के बाद शव्वाल की पहली तारीख को 'ईद उल फितर' मनाई जाती है। ईद उल फितर के साथ ही माह-ए-रमजान का समापन हो जाता है। सोमवार को देश भर में ईद-उल-फितर धूमधाम से मनाई जा रही है।



धनबाद की सभी ईदगाह और मस्जिदों में बहुत बड़ी तादाद में लोग इकट्ठा हुए और नमाज अदा की। ईद की नमाज के बाद सभी ने एक दूसरे को गले मिलकर मुबारकबाद दी। इस मौके पर बच्चे काफी उत्साहित नजर आए। वहीं, बड़े, बुजुर्ग सभी अल्लाह का शुक्रिया अदा करते दिखाई दिए। शहर के तालडंगा ईदगाह, शिवलीबाड़ी रहमत नगर के ईदगाह से बहुत ही खूबसूरत तस्वीरें सामने आई हैं।

मौके पर निरसा के विधायक अरुप चटर्जी, जिप सदस्य गुलाम कुरैशी और प्रशासन के लोग उपस्थित रहे। सभी ने ईद की बधाइयां दी, बड़ी मस्जिद के इमाम मौलाना मसूद अजहर कादरी ने कहा कि यह पर्व भाईचारगी का पर्व है। अल्लाह के हर बंदे आज के दिन एक दूसरे से गले मिलकर ईद की बधाइयां देते हैं। अल्लाहताला सभी को खुशियां दे और देश में अमन चैन बनी रहे।

पूर्व विधायक अरुप चटर्जी ने कहा कि अल्लाहताला सभी की मुराद को पूरा करें और झारखंड के सभी लोग शांति के साथ भाईचारगी निभाए। गुलाम कुरैशी ने कहा कि ईद भाईचारगी का संदेश देता है। एक माह कठिन परिश्रम से रोजा रखते हैं और ईद के दिन एक दूसरे से गले मिलकर बधाई देते हैं। यह मोहब्बत का पैगाम लेकर आता है।

इस मौके पर उपस्थित सीओ कृष्णा मरांडी ने कहा कि पूरे शिद्दत के साथ बड़े ही शांति ढंग से ईद मनाई जा रही है। जेएमएम के पूर्व जिला अध्यक्ष ने कहा कि हिंदुस्तान में आज बड़े ही हर्षोल्लास के साथ भाईचारगी का पर्व मनाया जा रहा है। अल्लाह से दुआ करता हूं कि उनकी रहमत सभी पर बरसती रहे।

# हिन्दू नववर्ष पर न्यू चांदमारी कॉलोनी शिव मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की गई

ज्योति पाठक

हिन्दू नववर्ष के शुभ अवसर पर न्यू कॉलोनी चांदमारी के नवनिर्मित मंदिर प्रांगण में आज आस्था, निष्ठा और श्रद्धा का अनुपम दृश्य उस समय देखने को मिला जब नव वर्ष के शुभ अवसर पर भक्त जनों और श्रद्धालुओं के द्वारा मंदिर प्रांगण में दीप प्रज्ज्वलित कर नववर्ष का स्वागत किया गया और भगवान भोलेनाथ से सुख समृद्धि की कामना भी की गई गौर तलब हो कि न्यू कॉलोनी चांदमारी में समाजसेवी एवं युवा व्यवसाय विनोद जायसवाल के सार्थक पहल और प्रयास से भगवान भोलेनाथ की मंदिर की स्थापना की गई है वहीं अन्य भक्त जनों और श्रद्धालुओं के इस मंदिर में सकारात्मक सहयोग से यह मंदिर भक्त जनों के आस्था और श्रद्धा का केंद्र बना हुआ है इस अवसर पर युवा व्यवसायी रवि साव ने बताया कि हिन्दू नववर्ष के शुभ अवसर पर आज भक्तजनों और श्रद्धालुओं की व्यापक रूप से भीड़ उमड़ी और सबों ने दीप प्रज्ज्वलित कर भोलेनाथ की पूजा अर्चना करने के साथ-साथ सामूहिक रूप से दिवाली भी मनाया इसअवसर पर मंदिर प्रांगण में भक्त जनों की उपस्थिति काफी उमंग भरी होती है और श्रद्धा, निष्ठा का अनुपम दृश्य भी दिखाई पड़ता है हिन्दू नववर्ष पर आज इस मंदिर प्रांगण में भक्त जनों की उपस्थिति निश्चित तौर पर भगवान भोलेनाथ मंदिर में मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा।




# ईद नफरत को मिटाने का नाम है : नौशाद आलम




बिनय मिश्रा

झारखंड के तेजतर्रार आईपीएस और झारखंड पुलिस मुख्यालय में कार्मिक विभाग के पद पर तैनात डीआईजी नौशाद आलम ने कहा कि ईद उल फितर लोगों के बीच प्रेम और मोहब्बत को परवान चढ़ाता है क्योंकि यह मिठास पैदा करने वाला पर्व है, हमारे भारत की ईद तमाम देशों से उत्तम है क्योंकि भारत में इस पर्व में सिर्फ मुसलमान ही नहीं हर जात बिरादरी के लोग अपने दोस्ती को और परवान चढ़ाते हैं, डीआईजी नौशाद आलम ने आगे कहा कि वैसे यह पर्व ईश्वर अपने बंदों से खुश होता है तो वह इनाम देता है ईश्वर के इनाम देने का पाक पर्व है इस्लाम धर्म का यह हुकुम है कि हम आपस में मिलजुल कर एकता और अखंडता को मजबूती प्रदान करें आपस में गले मिलकर शिकवे को दूर करें, शिकवे की दीवारें जैसे-जैसे गिरती जाएंगी आपस में प्रेम बढ़ता चला जाएगा मौला अली ने फरमाया है क्या मोमिन के लिए हर दिन ईद है जब किसी ने आपसे पूछा हर दिन ईद कैसे हो सकता है तो आपने जवाब दिया जिस दिन तुमसे कोई गुनाह या पाप ना हो और तुमने किसी का हक ना मारा हो और किसी पर अत्याचार ना किया हो किसी का मजाक नहीं उड़ाया हो तो वह दिन तुम्हारे लिए ईद है, आईपीएस नौशाद आलम ने कहा कि ईद गाना बजाने का नाम नहीं, ईद नफरत को मिटाने का नाम है, आओ हम सब देशवासी हिंदू मुस्लिम सिख ईसाई आपस में है भाई भाई यही वजह है कि भारत की ईद सिर्फ मुसलमान नहीं बल्कि हर जात बिरादरी के लोग एक दूसरे से गले मिलते हैं और संबंध को मजबूत बनाते हैं आज हमारे देश को नफरतों से बचाना है ईद का पर्व खुशी के साथ मनाना है, डीआईजी कार्मिक नौशाद आलम ने झारखंड समेत पूरे देशवासियों को ईद की ढेर सारी शुभकामनाएं और बधाई दी है।

# आक्रोशित और बिगड़ैल हाथी ने एक और व्यक्ति को दर्दनाक मौत के घाट उतारा

मेट्रो रेज संवाददाता

**गुमला :** जिला अंतर्गत स्थित रायडीह थाना के अम्बा कोन जंगल में महुआ चुनने गए 65 वर्षीय वृद्ध व्यक्ति फिरना नगेसिया को उक्त आक्रोषित और बिगड़ैल हांथी ने अपने दांत - सूंड और पैरों से कुचलकर मौत के घाट उतार डाला, बाद में उक्त घटना की सूचना रायडीह थाना प्रभारी कुंदन कुमार सिंह को दी गई , उक्त सूचना मिलते ही, रायडीह थाना प्रभारी ने त्वरित कार्रवाई करते हुयें उक्त घाटनास्थल पर पहुंचकर उक्त शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस भेजवाया गया जहां पोस्टमार्टम के बाद उक्त शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया हैं।



## त्योहारों को देखते हुए साफ-सफाई दुरूस्त कराए नगर परिषद

**गढ़वा :** हर साल जिले में रामनवमी के अलावा ईद और सरहुल का त्योहार धूमधाम से मनाया जाता है। त्योहारों के बाद भी शहरी क्षेत्र में अबतक साफ सफाई की व्यवस्था दुरूस्त नहीं है। जिला मुख्यालय में नवरात्र और रामनवमी का त्योहार भव्य तरीके से मनाया जाता है। उक्त त्योहार में साफ सफाई और शुद्धता का खास महत्व होता है। उसके बाद भी अभी भी शहर क्षेत्र के कई इलाकों में समुचित साफ सफाई की व्यवस्था नहीं की गई है। रामनवमी पर विभिन्न अखाड़ों की ओर से भी आकर्षक झांकी निकाली जाती है।

# मादक पदार्थों की ब्रिकी पर रोक लगाने के लिए त्वरित कार्रवाई का निर्देश

मेट्रो रेज संवाददाता

**गढ़वा :** समाहरणालय के सभागार में डीसी शेखर जमुआर की अध्यक्षता में नारकोटिक्स कंट्रोल कमेटी की बैठक रविवार को हुई। बैठक में मादक पदार्थों की तस्करी, खेती के रोकथाम और विभिन्न स्तर पर समन्वय व सहयोग स्थापित करने के लिए कमेटी के सभी सदस्यों को निर्देशित किया गया। बैठक में डीसी ने अफीम व गांजा की खेती को लेकर सभी सीओ को पैनी नजर बनाए रखने का निर्देश दिया। किसी प्रकार की सूचना पर अविलंब कार्रवाई का निर्देश दिया गया। वहीं बिना डॉक्टर के पर्ची के कफ सिरप की ब्रिकी नहीं होने देने और समय-समय पर दवा दुकानों के स्टॉक की जांच करने का निर्देश जिला ड्रग इंस्पेक्टर को दिया। पुलिस विभाग से समन्वय बनाते हुए आवश्यकता अनुसार विभिन्न स्थानों पर छापेमारी करने का भी निर्देश दिया। जिला शिक्षा अधीक्षक को सभी स्कूलों व कॉलेजों में नशा निरोधक जागरूकता अभियान कार्यक्रम चलाने का निर्देश दिया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने कहा कि मादक पदार्थों की तस्करी बिक्री पर पुलिस निगरानी रख रही है। जिले में मादक पदार्थों की खेती की सूचना प्राप्त नहीं है। सूचना प्राप्त होने पर एनडीपीएस एक्ट के तहत संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। बैठक में उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, सदर एसडीओ संजय कुमार, बंशीधर नगर के एसडीओ प्रभाकर मिर्धा, रंका एसडीओ रूद्र प्रताप, पुलिस उपाधीक्षक यशोधरा, समाज कल्याण पदाधिकारी प्रमेश कुशवाहा, डीएसई अनुराग मिंज सहित अन्य उपस्थित थे।

# पथ निर्माण विभाग एवं नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार के बेहतर कार्य प्रणाली से राज्य हुआ है गौरवान्वित



बिनय मिश्रा

भारतीय प्रशासनिक सेवा 1999 बैच के लोकप्रिय कर्मठ एवं उपलब्धि भरे कार्यों के लिए राज्य में पहचाने जाने वाले आईएएस अधिकारी सुनील कुमार के पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव के साथ-साथ नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव के दायित्व को भली भांति और बेहतर ढंग से संपादित किए जाने का ही यह परिणाम है कि राज्य में दोनों विभाग की स्थिति काफी मजबूत और बेहतर हुई है राज्य में सड़कों का जाल बिछा राज्य में आवश्यकता के अनुरूप पुल और पुलिया का निर्माण दुर्त गति से संपादित कराया गया संवेदकों को ससमय निर्माण कार्य पूर्ण करने के कड़ी निर्देश का ही यह परिणाम रहा कि संवेदक ससमय अपने कार्य पूर्ण कर राज्य में सड़क निर्माण कार्य बेहतर और गुणवत्ता के आधार पर कराया यही नहीं प्रधान सचिव श्री कुमार का सार्थक प्रयास का ही परिणाम है कि जहां भी सड़क की आवश्यकता महसूस की गई सड़क निर्माण करा कर सड़कों का जाल बिछाया गया यही नहीं नगर विकास विभाग के अधीन भी विकास कार्यों में काफी तेजी आयी और विभाग अधीन कार्यों को बेहतर ढंग से संपन्न कराने में भी वे सफल रहे हैं ।

श्री कुमार के नगर विकास विभाग का दायित्व संभालने के पश्चात फ्लाईओवर और अन्य महत्वपूर्ण कार्य जितने तेजी से संपादित हुए हैं वह अपने आप में उपलब्धि ही है और निश्चित तौर पर प्रधान सचिव के बेहतर सकारात्मक सोच का ही परिणाम है ऐसे आईएएस अधिकारी से राज्य और विभाग दोनों गौरवान्वित होते हैं विदित हो कि श्री कुमार बोकारो पश्चिम सिंहभूम एवं हजारीबाग के लोकप्रिय उपायुक्त रह चुके हैं इसके अलावा वह जहां भी जिस विभाग में पदस्थापित रहे अपने बेहतर कार्यों से विभाग को भरपूर विकास गति दी है यही नहीं झारखंड विधानसभा का निर्माण इनके भवन निर्माण सचिव रहते पूर्ण हुआ था जो आज भी इनके बेहतर कार्य का सूचक है।

